## नौ साल से एक ही जगह जमे 206 डॉक्टर व 19 डेंटिस्ट बदले जायेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मेडिकल कॉलेजों, डेंटल कॉलेजों में झारखंड स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के गैर शैक्षणिक विशेषज्ञ चिकित्सकों जो नौ साल से अधिक समय से जमे हैं, उन्हें बदले जाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए मेडिकल कॉलेजों के निदेशक और अधीक्षकों से गैर शैक्षणिक संवर्ग के विशेषज्ञ चिकित्सकों, चिकित्सकों और डेंटिस्टों की सर्विस से जुड़ी हिस्ट्री मांगी गई है। साथ ही नौ सालों से अधिक समय से पदस्थापित चिकित्सकों से दूसरे जिलों में जाने के लिए पांच विकल्प मांगे गए हैं। इसे दस जुलाई तक ईमेल के माध्यम से भेजने को कहा गया है। इसके अलावा भौतिक रूप से डाक के माध्यम से भी विभाग को सभी चिकित्सकों की जानकारी मांगी गई है।

चिकित्सकों को विकल्प के लिए जिलों के सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रिक्ति से जुड़ी विवरणी विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## सड़क पर युवक को पीटने के आरोप में एक गिरफ्तार

**रांची।** चुटिया थाना पुलिस ने शनिवार की रात एक युवक को लाठी-डंडा व ईंट पत्थर से पीटने के आरोप में आरोपी ज्ञानदीप उर्फ किट्टू को गिरफ्तार कर लिया है। घटना निवारणपुर की है। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद चुटिया थाना पुलिस एक्टिव हुई। वीडियो में कुछ युवक बीच सड़क पर एक युवक की बुरी तरह से पिटाई लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर से कर रहे हैं। युवक रोड में गिरा हुआ है, लेकिन अपराधी उसे लगातार मार रहे हैं। युवक को बचाने गए एक और युवक को अपराधियों ने मार कर घायल कर दिया।

## रातू के कमड़े में बाउंड्रीवाल करा रहे व्यक्ति पर जानलेवा हमला

### प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिले के रातू थाना क्षेत्र के कमड़े में अपनी जमीन पर चहारदीवारी करा रहे बिरसा उरांव पर जानलेवा हमला किया गया। जिसमें वह बाल-बाल बच गया। बताया गया कि हमला करनेवाले उसके परिवार के ही लोग थे। घटना शुक्रवार सात जुलाई की शाम की है। घटना के बाद भुक्त भोगी ने रातू थाना में आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराया है।

बिरसा उरांव ने रातू थाना में लिखित शिकायत में कहा कि मेरे पिता के भाईयों का भरा-पूरा परिवार है लेकिन मेरा कोई बाल-बच्चा नहीं है। यही कारण है कि मेरे हिस्से की जमीन पर सभी की नजर है और सभी उनके जमीन को हड़पना चाहते हैं। यही कारण है कि सात जुलाई को शाम सात बजे मेरे पिता के भाईयों और अन्य लोग आये और जमीन पर बाउंड्री के काम को रोकने को कहा। ऐसा नहीं करने पर सभी मिलकर उनके बाउंड्रीवाल को गिरा दिया। उसके ऊपर हरवे-हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। उसके ऊपर देशी कट्टा से गोली भी चलाया गया। किसी तरह गिरते-पड़ते भागकर अपनी जान बचाई। इस संबंध में रातू थानेदार ने कहा कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अनुसंधान जारी है।

### सावन की पहली सोमवारी पर आज स्वणरिखा नदी से जल उठायेंगे शिवभक्त

# पहली सोमवारी को लेकर पुलिस मुस्तैद सादे लिबास में चोर-उच्चकों से निपटेगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आज सावन की पहली सोमवारी है। इसको लेकर शिव भक्तों में उल्लास है। शिव भक्तों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए रांची जिला प्रशासन भी मुस्तैद है। रांची के स्वर्ण रेखा नदी से लेकर ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर तक सुरक्षा सहित तमाम बंदोबस्त प्रशासन ने किया है।

**स्वर्ण रेखा से पहाड़ी मंदिर तक पुख्ता इंतजाम** : रांची एसएसपी किशोर कौशल और डीसी राहुल सिन्हा ने रविवार को स्वर्णरेखा नदी से लेकर पहाड़ी मंदिर तक शिव भक्तों के लिए किए जा रहे हैं इंतजाम का जायजा भी लिया। दरअसल राजधानी रांची में यह परंपरा रही है कि शिवभक्त स्वर्णरेखा नदी से जल भरकर अहले सुबह पहाड़ी मंदिर पहुंचकर भगवान शिव को जल अर्पण करते हैं। ऐसे में रांची पुलिस की पहल पर स्वर्णरेखा नदी से लेकर पहाड़ी मंदिर तक सुरक्षा के हर तरह के इंतजाम किए गए हैं।

रास्ते में पड़ने वाले सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं नगर निगम के अंधेरे रास्तों पर लाइट की व्यवस्था भी की गई है।



### सुरक्षा का है पुख्ता प्रबंध : एसएसपी

एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि राजधानी के तमाम शिवालय की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर कर दी गई है। वैसे शिवालय जहां भक्तों की भीड़ बहुत ज्यादा उमड़ती है, वहां पर महिला पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। बड़े मन्दिरों पर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। एसएसपी ने बताया कि पूरे राजधानी में करीब डेढ़ हजार अतिरिक्त जवान लगाए गए हैं। डीएसपी स्तर के अधिकारी सोमवार सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इलाके के थानेदार और बाइक पेट्रोलिंग दस्ता नियमित रूप से पेट्रोलिंग करने को कहा गया है।

### पॉकेटमारों से सादे लिबास में निपटेगी पुलिस

आपको बता दें कि पिछले साल सोमवारी के दौरान पॉकेटमारों और चेन स्नैचर्स ने पुलिस के नाक में दम कर दिया था। हर सोमवारी में भीड़ का फायदा उठाकर उच्चकों ने सोने की चेन और मोबाइल इत्यादि गायब कर लिये थे। इस बार ऐसी कोई घटना ना घटे इसके लिए पुलिस पहले से ही मुस्तैद है। प्रमुख मंदिरों में सादे लिबास में महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। ये उच्चकों पर कड़ी नजर रखेंगे। रांची जिला प्रशासन की तरफ से सभी शिव भक्त खासकर महिलाओं से अपील की गई है कि वह जल अर्पण करने के समय गहने ना पहने। मोबाइल इत्यादि जैसी वस्तुएं घर पर ही रख कर जल अर्पण करने मंदिर पहुंचे।

**मंदिर में भीड़ नहीं होने देने का दिया निर्देश** : रांची एसएसपी के अनुसार सावन की पहली सोमवारी में हजारों लोग रांची के विभिन्न शिवालय पहुंचते हैं। सबसे ज्यादा भीड़ पहाड़ी मंदिर और नामकुम स्थित शिव मंदिर में होता है। ऐसे में इन दोनों मंदिरों पर रांची पुलिस की विशेष नजर है। पुलिसकर्मियों और अफसरों को स्पष्ट निर्देश है कि वह मंदिर परिसर में बहुत ज्यादा भीड़ नहीं होने दें। भीड़ होने पर भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जिसे संभालना काफी मुश्किल होगा।

**सोमवार को पहाड़ी मंदिर जाने का रूट डायवर्ट** : पहाड़ी मंदिर के आसपास वाली सड़कों का ट्रैफिक रूट बदला जाएगा। रविवार की रात 12 बजे के बाद से ही हरमू रोड और रातू रोड से बड़े वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया। हरमू रोड का एक छोर, जबकि रातू रोड में मिनाक्षी सिनेमा गली से लेकर रातू रोड तक एक ओर का सड़क ब्लॉक रहेगा। यह स्थिति सोमवार को भीड़ की समाप्ति तक रहेगी।

### नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एसटी मोर्चा के साथ की बैठक

# भाजपा ने बनाया झारखंड, भाजपा ही कर सकती है विकास : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड का विकास भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही कर सकती है। अलग राज्य की स्थापना भाजपा की देन है। आजादी के बाद पहली बार केंद्र में नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में सबसे ज्यादा जनजातीय समाज के 8 सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस मनाने का संकल्प लिया। अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने पहली बार प्रत्येक गांव को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से जोड़ने का काम किया। केंद्र सरकार ने जनजातीय मंत्रालय बनाया। मौके पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि मरांडी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पार्टी नई बुलंदियों को छुएगी। कार्यक्रम में राजकुमार पाहन, ताला मरांडी, बिंदेश्वर उरांव, राजेंद्र मुंडा, रवि मुंडा, नकुल तिर्की, गीता बालमुचु मनजीत कोड़ा, भूषण पात पिंगवा मीरा खलखो, रोशनी खलखो, सोरेन, आनंद मुर्मू, मनोज, अवधेश सिंह चेरो, मंजू सिंह, अनु लकड़ा, लक्ष्मी मुंडा मनोज सोरेन थे।



## पूर्व डीजीपी डीके पांडेय ने कटहल मोड़ में रोहतगी होम बाजार का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कटहल मोड़ और डीएवी स्कूल हेहल के बीच रोहतगी होम बाजार नामक प्रतिष्ठान का उद्घाटन पूर्व डीजीपी डीके पांडेय ने किया। इस मौके पर प्रतिष्ठान के संचालक और रांची चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष रवि रोहतगी, गुंजन रहोतगी के अलावा प्रेम प्रकाश आर्या, सतीश झा, बीरेन्द्र चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे। प्रतिष्ठान के संचालक रवि रोहतगी ने बताया कि उनकी होम फर्निशिंग का यह दूसरा प्रतिष्ठान है। एक प्रतिष्ठान हरमू रोड में इसी नाम से है। उनके प्रतिष्ठान में एक छत के नीचे घर की सजावट तथा पर्दा से लेकर स्टील की बर्तन तक उपलब्ध है। प्रतिष्ठान में घड़ी, फैंसी लाइट, वाल पेपर, प्लाई वूड और हार्डवेयर की लंबी रेंज उपलब्ध है।

### खबर एक नजर में

## दुमका में दो सौ किलो नकली पेड़ा जब्त

**दुमका।** श्रावणी मेला में बढ़ती भीड़ को देखकर दुकानदारों ने नकली पेड़ा भी बाजार में बेचना शुरू कर दिया है। रविवार को दुमका फूड इंस्पेक्टर अमित कुमार ने मेले से दो सौ किलो नकली पेड़े को जब्त किया है। अमित कुमार को लगातार मेले में धड़ल्ले से मिलावटी पेड़े बेचे जाने की सूचना मिल रही थी। जिसके बाद फूड इंस्पेक्टर अमित कुमार ने मामले को संज्ञान में लेते हुए उक्त जगह पर जा कर पेड़े की सैम्पल की जांच करवाई। जांच के बाद पाया कि मेले में मिलावटी पेड़े की बिक्री हो रही थी। उन्होंने आठ दुकानों पर कार्रवाई करते हुए पेड़े को जब्त कर लिया। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी भी दी है की वे फिर से ऐसी गलती ना करें।

## गायत्री देवी युवा राजद की प्रदेश महासचिव बनीं



**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष रंजन कुमार ने संगठन का विस्तार करते हुए गायत्री देवी को युवा राजद का प्रदेश महासचिव के पद मनोनीत किया है। बता दें कि गायत्री देवी लंबे समय से संगठन के साथ जुड़ कर काम कर रही हैं। प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर गायत्री ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेवारी दी है उसे पूरा करने का काम करेंगे।

## मेकॉन फुटबॉल टीम का चयन



रांची। मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब ने रविवार को सुबह 6:30 से 11:30 तक मेकॉन फुटबॉल टीम में चयन के लिए सफलतापूर्वक ट्राइल का अयोजन मेकॉन स्टेडियम में किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के अधिकारी गण मौके पर मौजूद थे। चुने गए खिलाड़ियों को स्टाइपेंड मिलने की व्यवस्था है।

## बहावलपुरी समाज ने हर्ष जताया

**रांची।** बहावलपुरी पंजाबी समाज ने पंजाबी हिंदू बिरादरी द्वारा गठित नई कमिटी में बहावलपुरी समाज के पांच सदस्यों को शामिल करने पर हर्ष व्यक्त किया है। संस्था के मुख्य संरक्षक डॉ सतीश मिढ़ा,अध्यक्ष ललित किंगर,सचिव अश्विनी सुखीजा,कोषाध्यक्ष प्रमोद चूचरा एवं मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने समाज के चरणजीत मुंजाल को उपाध्यक्ष तथा डॉ अजय छाबड़ा,अंचल किंगर, राकेश गिरधर एवं अजय धमीजा को कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाए दीं। ज्ञात हो की बहावलपुरी पंजाबी समाज हमेशा समाज के उत्थान के लिए काम करती है।

## सुबोधकांत को झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने बधाई दी, किया सम्मानित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोध कांत सहाय को झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित किए जाने पर झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने बधाई दी है। मोर्चा के सदस्यों ने सुबोध कांत सहाय को माला पहनाकर एवं बुके प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर श्री सहाय ने बताया कि झारखंड आंदोलन को खड़ा करने में हमने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। झारखंड अलग राज्य की मांग को सरकारी स्तर पर बिहार विधानसभा या केंद्र सरकार के विभिन्न मंचों में वकालत की। आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के निर्माण में सुबोध कांत सहाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिसे झारखंड सरकार के गैजेट में भी प्रकाशित किया जाए एवं झारखंड सरकार सुविख्यात आंदोलनकारी के रूप में विशेष सम्मान देकर सम्मानित करें। प्रवीण सहाय ने कहा कि झारखंड सरकार अविलंब सुबोध कांत को आंदोलनकारी का श्रेणी बताकर विशेष सम्मान की व्यवस्था करे। श्री सहाय से मिलने वालों में नीरज कुमार ग्रोवर, विनीता खलखो, एरेन कच्छप, आसिफ, अफसर, आकाश सहाय, गोपाल महतो, आदम मुंडा और गणेश दास आदि शामिल थे।

### ट्रैफिक एसपी ने कहा- जवानों की बढ़ेगी कार्यक्षमता

# सरजू नर्सिंग होम ने 400 ट्रैफिक जवानों को धूप से बचने के लिए सनग्लास का किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सड़कों पर लोगों की सुरक्षा और सुगम यातायात को लेकर दिन रात अपनी सेवा देने वाले ट्रैफिक जवानों के बीच सरजू नर्सिंग होम के द्वारा सनग्लास का वितरण किया गया। करीब 400 ट्रैफिक जवानों को सनग्लास दिया गया।

इस मौके पर रांची ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में हमारे ट्रैफिक के जवान और एएसआई ड्यूटी करते हैं। ड्यूटी के दौरान आंखों में धूल गंदगी का जाती है। ऐसे में सरजू नर्सिंग होम के द्वारा सनग्लास का वितरण सराहनीय कदम है।



**फ्रंट लाइन को सम्मान देने का किया है काम :** वही सरजू नर्सिंग होम के संचालक रोहित प्रसाद ने कहा कि हमारा हमेसा से यह प्रयास रहा है सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया जाए। फ्रंट लाइन पर खड़े होकर हमारे ट्रैफिक के जवान रांची की यातायात को सुगम बनाते है। ऐसे में हमारा भी कर्तव्य है कि हम उन्हें सम्मान दें। इसी उद्देश्य के साथ ट्रैफिक के जवानों और एएसआई के बीच 400 सनग्लास का वितरण किया गया है। इस दौरान मौके पर ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव, लालपुर थाना प्रभारी ममता कुमारी, उषा प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### 15 जुलाई से मुफ्त में रात बीता सकेंगे मरीजन के परिजन

# रिम्स में 308 बेड का नया विश्राम गृह बनकर है तैयार, उद्घाटन का इंतजार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स में भरती मरीजों और उनके परिजनों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें रात बिताने के लिए रैन बसेरा या फिर किसी निजी होटल में नहीं जाना पड़ेगा। अब कुछ ही दिनों में एनटीपीसी और ऊर्जा विभाग के सहयोग से बन रहे विश्राम गृह की शुरूआत हो जाएगी। विश्राम गृह की शुरूआत होने के बाद रिम्स में आने वाले मरीज के परिजनों को एक अच्छी छत मिल पाएगी, जहां वो मुफ्त में रात बिता पाएंगे। रिम्स में 308 बेड का विश्राम गृह बनकर तैयार होने के बाद लोगों को रहने के लिए निजी होटलों में पैसे खर्च नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान में अगर किसी मरीज और उसके परिजन को अस्पताल में रात बिताना पड़ जाये, तो उन्हें रात भर के लिए हजारों रुपये होटलों में खर्च करना पड़ता है। फिर किसी संबंधी के घर रात बितानी पड़ती है। वहीं रिम्स के पुराने रैन बसेरा की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। इसी कारण अधिकांश लोग रैन बसेरे की जगह खुली आसमान में रात बिताना उचित समझते हैं।




रिम्स के अधीक्षक डॉ हीरेन बिरुआ और उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी बताते हैं कि विश्राम गृह को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कहा महज कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा और रिम्स में आने वाले तीमारदारों को राहत मिलेगी।

बता दें कि 15 जुलाई से शुरू हो रहे विश्राम गृह को लेकर रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) डॉ राजीव रंजन ने बताया कि एनटीपीसी के सीएसआर फंड से रिम्स में आने वाले गरीब परिजनों के लिए यह विश्राम गृह बनाया जा रहा है। रिम्स में विश्राम गृह का भवन बनकर पूरी तरह से तैयार है। अब भवन के अंदर इलेक्ट्रिसिटी और पानी के कनेक्शन को लेकर संबंधित विभाग के लोगों को निर्देश दे दिया गया है। बिजली और पानी की व्यवस्था सुचारू करने को लेकर संबंधित विभाग के लोग तेजी कार्य में लगे हुए है। विश्राम गृह में तीमारदारों के रहने के अलावे उनके खाने-पीने के भी इंतजाम किए जाएंगे। साथ ही प्रत्येक तीमारदारों के लिए कपड़े या फिर अन्य महत्वपूर्ण सामान रखने के लिए अलमारी भी बनाए गए हैं। बताते चलें कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास और ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के द्वारा वर्ष 2019 में इस विश्रामगृह का शिलान्यास किया गया था। लगभग 20 करोड़ की लागत से बना विश्राम गृह अब बनकर तैयार हो गया है।

### पत्नी ने जेएमएम नेता सुप्रियो भट्टाचार्य से लगायी मदद की गुहार

# मां ने कहा- साहब मेरे पति व मूक-बधिर बच्चों का इलाज कराओ, हम नहीं हैं सक्षम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जब तक वह परिवार पालने में सक्षम थी, तबतक उसने परिवार की देखभाल मजदूरी कर की लेकिन, जब बच्चे बड़े हो गए और अपने पति व तीन मूक बधिर बच्चों के लालन पालन और पढ़ाई में अक्षम रहने लगी तो उसने मदद के लिए हाथ फैला दिए। रांची के करमटोली में रहनेवाली एक महिला ने रविवार को झामुमो नेता सुप्रियो भटटाचार्य के पास जाकर मदद की अपील की। महिला रांची के करमटोली में रहनेवाले राधेश्याम तुरी की पत्नी है। महिला ने झामुमो नेता से कहा कि उसके पति राधेश्याम और उनके तीनों बच्चे जन्म से ही मूक और बधिर हैं। किसी तरह उसने बड़े बेटे करण को 12वीं की परीक्षा दिलवाई। दो बेटियां हैं, उनकी भी पढ़ाई कर्ज लेकर करवा रहे हैं लेकिन, अब हिम्मत ने जबाब दे दिया है। बच्चियों की पढ़ाई जारी रहे, इसके लिए आपके पास मदद के लिए आई हूं।



**पति और तीन बच्चे मूक बधिर :** महिला ने बताया कि घर में उसके पति, एक बेटा और दो बेटियां न तो बोल पाते हैं और न ही सुन पाते हैं। उन्होंने बताया कि मां होने की वजह से वह अपने बच्चों की भावनाओं को बखूबी समझती हैं। उन्होंने कहा कि जिला स्कूल से 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद सरकार या तो आगे की पढ़ाई के लिए मदद करे या कोई रोजगार की व्यवस्था कर दे, ताकि जीविका चल सके। उन्होंने कहा कि एक बेटी बरियातू गर्ल्स स्कूल से 12वीं कर रही है। छोटी बेटी भी जिला स्कूल में है। वह दोनों भी न बोल पाते हैं न सुन पाते हैं। मजदूरी से घर नहीं चलता। इसलिए सरकार मदद करे। इसी उम्मीद में वह झामुमो नेता से मिलने आई है। सुप्रियो भटटाचार्य ने महिला को आश्वासन दिया है कि वह मदद के लिए मुख्यमंत्री से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के परिवार से एक संवाद सरकार को करना चाहिए।

# आदिवासियों के लिए जी का जंजाल बन गया है यूसीसी : शिवा कच्छप

अ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति ने सोमवार को प्रधान कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप की अध्यक्षता में बैठक की। इसका संचालन बसंती कुजूर ने किया।

मौके पर शिवा कच्छप ने कहा कि आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है। अगर समय रहते आदिवासी एकजुट नहीं हुए, तो आने वाले दिनों में आदिवासियों का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। मध्य प्रदेश में जिस तरह से आदिवासी के ऊपर भाजपा पार्टी के नेता ने पेशाब किया, वह शोभनीय नहीं है। इसकी जितनी भी निंदा की जाये, कम है। अगर यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) यानी समान नागरिक संहिता लागू हो जाता है, तो हमारी समाजिक परंपरा रीति-रिवाज, हक-अधिकार, धर्म, आरक्षण, समाजिक व्यवस्था इत्यादि समाप्त हो जायेंगे। इसलिए समान नागरिक सहिता का जोरदार तरीके से विरोध करना है। किसी भी हाल में इसे लागू नहीं होने देना है। यह हमारे लिए जी का जंजाल है।

बैठक में मुख्य रूप से अनिता उरांव, संगीता गाड़ी, महादेव उरांव, सती तिर्की, कुईली उरांव, बसंती कुजूर, भानू उरांव, रीता खलखो, नीलम उरांव, अन्नु मुंडा, बितो तिर्की, सीटीओ उरांव, पार्वती टोप्पो, मीणा गाड़ी, गुड्डी उरांव, कुलदीप उरांव आदि उपस्थित थे।

### मेधावी बच्चों को सम्मानित करेगी समिति

**बैठक** में निर्णय लिया गया कि 16 जुलाई को वैसे सभी आदिवासी छात्र-छात्राओं को छात्र सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जायेगा, जिन्होंने दसवीं पास व इंटर की परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक से पास किये हैं। इसके लिए संपर्क नंबर भी जारी किये गये हैं। संबंधित संपर्क नंबर - 9334820071, 6299078474, 6203342887, 9297694156, 8677840034 और 8789441567 - से संपर्क करके अपनी मार्क शीट जमा कर सकते हैं। मार्क शीट जमा करने की तिथि 11 जुलाई निर्धारित की गयी है।

## दिव्यांग क्रिकेट को पूरे भारत में किया जायेगा विकसित : रविकांत

**रांची।** दिव्यांग क्रिकेट को पूरे भारत में विकसित किया जाएगा। ये बातें रविवार को प्रेस को संबोधित करते हुए दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के रविकांत चौहानजी ने कही। उन्होंने कहा कि डीसीसीआई भारत की एक मात्र वो अम्ब्रेला बॉडी है जो बीसीसीआई के मदद से चलता है। दिव्यांग क्रिकेट को पूरे भारत मे विकसित करने के लिए सभी जोन में एक मीटिंग हो रही है। इसी के तहत ईस्ट जोन में मीटिंग रखी गई है। इसमें 7 राज्य झारखंड, बंगाल, बिहार, आडिशा, मणिपुर, असम और त्रिपुरा शामिल हैं। ईस्ट जोन के अंतर्गत आने वाले सभी राज्यों को विकासित और मजबूत करने के लिए एसोसिएशन के साथ मिलकर डीसीसीआई काम करेगी। पूर्व अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी डीसीसीआई संयोजक धिरज हरडे ने प्रेस को बताया पहिले इस दिव्यांग क्रिकेट को कोई नहीं जानता था क्योंकि वह टेनिस बॉल से खेला जाता था। भारत में दिव्यांग लेदर बॉल क्रिकेट रवी चव्हाण ने शुरू किया और लोगो का इसके बारे में नजरिया बदला। डीसीसीआई कमिटी बनने से आज दिव्यांग खिलाड़ियों के मैच अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होते हैं।

# कृषि विज्ञान केंद्रों की छठी क्षेत्रीय वार्षिक कार्यशाला का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** बिहार और झारखंड के कृषि विज्ञान केंद्रों की छठी क्षेत्रीय वार्षिक कार्यशाला 2023 का रविवार को आयोजन किया गया। इसमें बिहार और झारखंड के कुल 68 कृषि विज्ञान केंद्रो के 120 कृषि वैज्ञानिकों ने इफको नैनो यूरिया और इफको नैनो डीएपी के निर्माण एवं फसलों में कार्य करने के सभी अवयवों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने नैनो तकनीक पर बात करते हुए कहा कि यह विज्ञान का एक नवीनतम तकनीक है, जो आकार, नंबर एवं पृष्टीय क्षेत्रफल (सरफेस एरिया) के सिद्धांत पर कार्य करता है। नैनो यूरिया और डीएपी के बॉटल में जो पोषक तत्व उपलब्ध रहते हैं, वे एक मीटर के अरबवें हिस्से के रूप में रहते हैं। इसका आकर 30 से 70 नैनो स्केल का होता है। यही कारण है कि जब इन्हें फसलों की पत्तियों पर स्प्रे करते हैं, तो यह त्वरित गति से स्टोमेटा, क्यूटिकल एवं अन्य रंध्रों के माध्यम से अवशोषित हो कर फसल के विभिन्न हिस्सों में पहुंचता है और सक्रियता से फसल तंत्र में निर्माण कार्य आरम्भ कर देता है। इससे क्लोरोफिल की सघनता पत्तियों में अधिक होती है और फसल लंबी अवधि तक हरापन बनाये रखता है। यह इसके आंतरिक भाग में अमीनो अम्ल, प्रोटीन और अन्य जैव योगिकों का संश्लेषण को तेजी से बनाने में सहायक होता है। इसका परिणाम यह होता है कि फसल में बढ़वार तेजी से होती है। अधिक कल्ले और शाखाएं बनती हैं और समय से अधिक फूल और फल लगकर उत्पादन को बढ़ाता है। अगर नैनो उर्वरकों की तुलना दानेदार यूरिया और डीएपी से करें, तो यह दाम में कम तो है ही, इसके प्रयोग से मिट्टी, जल, हवा में किसी भी तरह का प्रदूषण नहीं फैलता है। इस कारण यह पर्यावरण हितैषी भी है। उन्होंने यह भी बताया कि नैनो उर्वरकों को बाजार में बिक्री के लिए एफसीओ से अनुमति मिलने के पहले इनके मल्टी लोकेशन, मल्टी क्लाइमेट, मल्टीक्रॉप में विभिन्न कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ मिलकर उनके रिसर्च प्रक्षेत्र में प्रदर्शनी लगाकर इनके परिणाम का अध्ययन किया गया है।

उन्होंने इस अवसर पर वैज्ञानिकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब भी दिया और उनसे आग्रह किया आप सभी नैनो उर्वरकों के संबंध अपने-अपने क्षेत्रों में कृषकों को इनके बारे में जानकारी दें और इनके प्रयोग के लिए उन्हें तकनीकी जानकारी देते हुए प्रोत्साहित करें।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा के केशव सभागार में सीबीएसइ कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत विज्ञान प्रारंभिक कक्षा के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रांची शहर के विभिन्न विद्यालयों से कुल 99 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में प्रमुख प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती इंदु प्रसाद एवं श्रीमती सोनी श्रीवास्तव ने शिक्षकों को प्रशिक्षित किया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या डॉ संध्या सिंह ने इस प्रशिक्षण की आवश्यकता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रशिक्षण से शिक्षकों के शिक्षण में गुणात्मक विकास संभव हो पायेगा एवं विज्ञान के शिक्षकों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में सहायक होगा। शिशु विकास मंदिर समिति के अध्यक्ष शक्तिनाथ लाल दास ने श्रीमती इंदु प्रसाद को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। शिशु विकास मंदिर समिति के सदस्य अमरकांत झा ने श्रीमती सोनी श्रीवास्तव को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विज्ञान विषय के लिए पाठयोजना मूल्यांकन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित पठन-पाठन की नवीनतम पद्धति पर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

# ग्लोबल कॉन्वेंट स्कूल इलाही नगर पुनदाग में खुला फ्री कोचिंग सेंटर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस जवाहर बाल मंच के स्टेट चीफ कोऑर्डिनेटर एस तारीक अनवर की अगुवाई में रविवार को ग्लोबल कॉन्वेंट स्कूल इलाही नगर पुनदाग में फ्री कोचिंग सेंटर का उद्घाटन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने किया। इस दौरान बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं, बच्चों द्वारा देशभक्ति पर कार्यक्रम के साथ डेमोक्रेसी के ऊपर इंग्लिश एवं हिंदी में भाषण दिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शकील अख्तर अंसारी मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश राजेश ठाकुर ने कहा कि आज जरूरत है कि बच्चों को स्वतंत्रता आंदोलन के सेनानियों की जानकारी दी जाए ताकि आज के बच्चे जान सकें कि स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान क्या था। जवाहर बाल मंच के स्टेट चीफ कोऑर्डिनेटर तारिक अनवर ने कहा कि आज हम जवाहर बाल मंच के माध्यम से झारखंड के विभिन्न जिलों में फ्री कोचिंग सेंटर खोल रहे हैं ताकि बच्चों को स्कूल के अलावा स्पेशल एजुकेशन दिया जा सके। अजय नाथ शहदेव ने कहा कि यह एक बहुत अच्छी पहल है। मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शकील अख्तर, संगठन के स्टेट कोऑर्डिनेटर रमजान अंसारी ने भी अपने विचार रखे।

## खबर एक नजर में

### विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण



**रांची।** श्री रामकृष्ण विवेकानंद सेवा आश्रम ट्रस्ट और डीएवी स्कूल गांधी नगर के छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद गुरुकुलम, लवागढ़ा, बुढ़मू प्रखंड, परिसर में 101 वृक्षों के पौधे लगाये। इस कार्यक्रम में डीएवी स्कूल गांधी नगर के प्रधानाचार्य, कुछ शिक्षक तथा स्वामी विवेकानंद गुरुकुलम के प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम में श्री रामकृष्ण विवेकानंद सेवा आश्रम ट्रस्ट के सदस्य भी उपस्थित थे।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने किया पौधरोपण



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच राँची शाखा ने रविवार को पौधारोपण किया पौधारोपण का आयोजन तालाब के पास पार्क में किया गया। इसके अलावा ठाकुर गांव की फैक्ट्री और कांके रोड़ में भी पौधरोपण किया गया। अध्यक्ष श्वेता भाला ने कहा बारिश का कि शुरूआत हो गई है। पौधरोपण का अभी सही समय है। कार्यक्रम की संयोजिका निकिता जालान एवं रेखा रायेका ने बताया कि शाखा ने दो दिन में 645 वृक्ष लगाए गए हैं।

### जादूगर सिकंदर के शो में उमड़ रहा जनसैलाब



**रांची।** शहर के कचहरी रोड जयपाल सिंह स्टेडियम के पास वेंडर मार्केट के उपर रॉयल हाइट वैक्वेट हॉल में चल रहे जादूगर सिकंदर के शो में जादू कला प्रेमियों का जनसैलाब उमड़ने लगा है और इस मनोरंजक शो का जिक्र शहर से लेकर गांव तक मे सुना जा रहा है। जादूगर सिकंदर के द्वारा दिखाए जा रहे हैरतअंगेज कारनामों का जिक्र हर उस व्यक्ति के सिर चढ़कर बोल रहा है जो इस शो को देखकर बाहर निकलता है। अनेक नये नये करतबों से सजा धजा इन्द्रजाल शो शहर में मनोरंजन का मुख्य आकर्षण बन चुका है। इस जादू के शो में उनकी तीस से ज्यादा साथियों की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जादूगर सिकंदर यहां रोजाना दो शो दिखा रहे हैं जबकि शनिवार और रविवार को तीन शो दिखाए जाते हैं।

### पर्यावरण संरक्षण को 300 पौधे लगाये गये

**रांची।** तेतर टोली सरना समिति के द्वारा सरना टांड़ में रविवार को समिति के संरक्षक अंतु तिर्की के नेतृत्व में सामूहिक वृक्षारोपण किया गया। जिसमें सखुआ (साल), कदम, कटहल,जामुन, करंज, गुलमोहर आदि के लगभग 300 पौधे लगाए गए। पौधों को गाय,भैंस,बकरी या अन्य जानवरों से बचाने के लिए गेबियन से घेराव भी किया गया। इस अवसर पर अंतु तिर्की ने कहा हमलोग प्रकृति पूजक हैं और प्रकृति पूजक होने के नाते हम पेड़- पौधे लगाते हैं, उसे बचाते हैं संरक्षण करते हैं।

### ब्रहांड नायक का कल्याणोत्सव संपन्न

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के 16वें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव के सभी कार्यक्रम वृंदावन के स्वामी श्रीअनिरुद्धाचार्य के निर्देशन में संपन्न हुए। कल्याणोत्सव के 250 यजमान सपरिवार विवाह स्थल पर उपस्थित थे। वेदों के पवित्र मंत्रोच्चारण और नादेस्वरम वाद्य यंत्र की शहनाई की गूंज के बीच पूरे विधि - विधान से वर ने वधू को और वधू ने वर को माला पहनाई। भगवान ने श्रीश्रीदेवी और श्रीभूदेवी को मंगलसूत्र धारण कराया और अग्नि की साक्षी में भगवान का विवाह संपन्न हुआ। जगत नियंता सहित जगत जननी की मंगल आरती उतारी गई।

### श्री शिव शक्ति मंदिर के 7वें वार्षिकोत्सव पर कलश यात्रा

**रांची।** रातू रोड स्थित न्यू मधुकम (रोड नंबर-5) के श्री शिव शक्ति मंदिर के सातवें वार्षिकोत्सव पर रविवार को कलश यात्रा निकाली गयी। हर-हर महादेव के जयघोष के साथ सुबह साढ़े नौ बजे मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकली। 641 महिला श्रद्धालुओं ने कलश उठाया। कलश यात्रा न्यू मधुकम से पहाड़ी मंदिर के समीप स्थित राणी सती दादी मंदिर तक पहुंची। कलश में यहां से जल लेकर रातू रोड होते हुए महिला श्रद्धालु फिर श्री शिव शक्ति मंदिर लौटीं। सोमवार को सावन की पहली सोमवारी को कलश स्थापना की जाएगी। बेदी पूजन होगा। इसके साथ ही सामूहिक रुद्राभिषेक भी किया जाएगा।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में आयोजित सम्मेलन संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चौधरीबगान हरमू रोड में रविवार को 'समाजपरक पत्रकारिता से समृद्ध भारत की ओर' विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में वरिष्ट पत्रकार चंदन मिश्र ने कहा कि वर्तमान समय मीडिया मानव मन पर हावी है। मीडिया को नकारात्मक एवं शिकायती न होकर समाधानपरक बनना होगा। यदि सकारात्मक सोच के साथ पत्रकारिता की जाये, तो आजादी का अमृत महोत्सव मनाना सार्थक हो जायेगा। उन्होंने पुराने समय के संस्कार और मौजूदा दौर में हावी पाश्चात्य संस्कृति का तुलनात्मक विश्लेषण करते हुए इसके कई उदाहरण भी स्थानीय पत्रकारों के सामने रखे। पत्रकार कुणाल सिंह ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि हम पत्रकार अनेक मंचों पर जाते हैं परंतु आज हमारे लिए ब्रह्माकुमारी संस्था ने एक मंच उपलब्ध कराया है। पत्रकारिता समाज के उत्थान के लिए होती है। ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा कि समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करने को गंभीरता और ईमानदारी से काम करने की जरूरत है। ब्रह्माकुमारी बहन ने गाइडेड मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया।

## डेली मार्केट थाना प्रभारी ने बाइक चोरी रोकने को पोस्टर से किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** त्योहार के मौसम में थानाक्षेत्र में मोटरसाइकिल की चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए डेलीमार्केट के थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने अनोखी पहल की है। इसके तहत सुरक्षा उपाय संबंधी पंपलेट और पोस्टर को टॅक्सी स्टैंड के आसपास में जगह-जगह चिपकाया गया है।

थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि, जब तक जनता जागरूक नही होगा, तब तक कोई भी घटना को पूर्ण रूप से नही रोका जा सकता है। घटनाओ को रोकने के लिए जनता को जागरूक व सतर्कता रहना जरूरी है। इस पोस्टर में लिखा है- मोटर साइकिल व गाड़ियों को निर्धारित स्टैंड में रखे। हैंडल लॉक करें, वाहनों को जहां तहां खड़ा नहीं करें। वाहनों की सुरक्षा खुद करने, गाड़ी में चाबी छोड़कर चोरों को मदद नहीं करने, गाड़ी रखने की जगह स्टैंड है, सड़क नहीं, आपके एक सुरक्षित कदम से चोरी की घटनाओं को रोका जा सकता है, लापरवाही ही आपके बाइक चोरी का मुख्य कारण है, सतर्कता ही बचाव है, जैसी बातें लिखी हैं। इस मौके पर प्रदीप केशरी, कुमोद कुमार सिंह, मुंशी अहसान अहमद, टेक्सी स्टेण्ड के मो अकबर उर्फ मुन्ना, शकील व पुलिस बल शामिल थे।

### श्री कृष्ण प्रणामी ने किया अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति ने रविवार को 95वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद 1100 से अधिक जरुरतमंद परिवार के सदस्यों के बीच वितरण किया। गुरु महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण मे संस्था के उपाध्यक्ष निर्मल जालान एव प्रमोद सारस्वत की देखरेख मे संस्था के वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल एवं रमा देवी डोकानिया के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्धाटन कर वितरण शुरू किया गया।

# अभाविप ने तैयार की है चरित्रवान और राष्ट्रभक्त पीढ़ी : डॉ पंकज

## 75वीं वर्षगांठ पर परिषद के प्रांत कार्यालय में ध्वजारोहण एवं विचार संगोष्ठी का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने सोमवार को 75वीं वर्षगांठ पर प्रांत कार्यालय पर ध्वजारोहण एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया। ध्वजारोहण के बाद झारखंड प्रांत प्रमुख डॉ पंकज कुमार ने कहा कि अभाविप अपने स्थापना काल से छात्रों तथा राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते आ रही है।

उन्होंने कहा कि अपनी 75 वर्षों की यात्रा में अभाविप ने एक लंबा रास्ता तय करते हुए देश को राजनीति, पत्रकारिता, शिक्षा आदि क्षेत्रों में कार्य कर रही चरित्रवान तथा देश के बारे में सोचने वाली पीढ़ी तैयार की है। हम आने वाले वर्षों में देश व मनुष्यता के लिए नई पीढ़ी के साथ नई ऊर्जा द्वारा अच्छा कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विद्यार्थी परिषद बांग्लादेशी अवैध घुसपैठ का मामला हो, जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाने की बात हो, सभी में विद्यार्थी परिषद् समय-समय पर आन्दोलन चलाता रहा है। बांग्लादेश को तीन बीघा जमीन देने के विरुद्ध परिषद् ने ऐतिहासिक सत्याग्रह किया था।

वहीं, महानगर अध्यक्ष प्रो उमेश कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुआ था। अभाविप स्थापना दिवस को राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मनाती है। विद्यार्थी परिषद् छात्रहित के साथ साथ राष्ट्रहित में कार्यकर्ता है।विद्यार्थी परिषद् शिक्षा के व्यवसायीकरण के खिलाफ सदैव आवाज उठाती रही है। अलगाववाद, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण, आतंकवाद और भ्रष्टाचार जैसी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के खिलाफ हम लगातार संघर्षरत रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन महानगर मंत्री रोहित शेखर ने किया। मौके पर आनंद ठाकुर, शशांक राज, संजय महतो,अटल पांडेय, आशुतोष सिंह, विशाल सिंह, अवधेश ठाकुर, किरण कुमारी, निवास मंडल, दिशा दित्य, शशि कांत सुमन, प्रणव गुप्ता, कनन्द, प्रेम प्रतिक केशरी, अमर ,रवि, रिपुंजय धर दुबे, खुशबू, साक्षी गुप्ता, ऋषभ, नियति, विद्यानंद रॉय समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उर्दू प्राथमिक विद्यालय में बाल संसद गठित, पुष्पा उरांव बनी अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के कांके के खिजुरटोली स्थित राजकीयकृत उर्दू प्राथमिक विद्यालय में बाल संसद का गठन किया गया। इसकी अध्यक्ष पुष्पा उरांव बनी। इससे पहले छात्र, शिक्षक और माता समिति के सदस्यों की अहम बैठक विद्यालय प्रधान नसीम अहमद की अध्यक्षता में 9 जुलाई को विद्यालय भवन में हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान शिक्षक नसीम अहमद ने विद्यालय के बाल संसद के गठन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उसके उद्देश्य, महत्व व कार्य को बताया। उन्होंने कहा कि बाल संसद स्कूल की रीढ़ होती है। छात्रों के पठन पाठन सहित सम्पूर्ण विकास में सहायक सिद्ध होता है। छात्रों के बीच चुनाव कर बाल संसद गठन किया गया। अध्यक्ष पुष्पा उरांव, उपाध्यक्ष तौफीक अंसारी, प्रधानमंत्री रहमत अंसारी, उपप्रधानमंत्री नूरसबा परवीन, स्वास्थ्य मंत्री नरगिस परवीन, उपमंत्री कार्तिक मुंडा, स्वच्छता मंत्री खुशनुमा परवीन, तस्लीम अंसारी और मोहम्मद जुनेद, सुरक्षा, न्याय मंत्री तौसीफ अंसारी, नफीसा परवीन, पोषण मंत्री सुफिया परवीन और कमल राजा निर्वाचित हुए। इसी तरह उपस्थिति मंत्री रोशनी परवीन और सुफिया परवीन, शिक्षा मंत्री आलिया परवीन और अयान अंसारी, कौशल विकास मंत्री आमिर असद और रहमतुन खातून, पर्यावरण मंत्री सुधीर नायक और फातिमा नाज, खेलकूद एवं सांस्कृतिक मंत्री अल्फाज अंसारी और तहसील नाजिया एवं सूचना व संपर्क मंत्री कशिश कुमारी व चाहत परवीन निर्वाचित किए गये।

# इटकी : कार-स्कूटी की टक्कर में युवक की मौत, सड़क जाम



खबर मन्त्र संवाददाता


**इटकी।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के पलमा गांव के समीप रविवार को कार और स्कूटी की सीधी टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दी है। इधर मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क को करीब एक घंटा जाम रखा। जानकारी के मुताबिक बेड़ो से रांची की ओर जा रही नेक्सन कार ने पलमा के समीप रांची की ओर से आ रही स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे स्कूटी चालक पलमा निवासी सुमित कच्छप (19 वर्ष) की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। इटकी थाना प्रभारी अमित प्रशांत, कुर्गी मुखिया रमेश महली व विधायक प्रतिनिधि घोमा सिंह ने ग्रामीणों को समझा-बुझा कर जाम को हटाया व अंतिम संस्कार के लिए तत्काल पांच हजार रुपये की राशि प्रदान की और सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

### रातू : सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**रातू।** थाना क्षेत्र के झिरी स्थित रिंग रोड में रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे अज्ञात वाहन के धक्के से स्प्लेंडर मोटर साइकिल जेएच 01 सी 8490 पर सवार व्यक्ति जख्मी हो गया। सूचना मिलने के बाद पीसीआर की टीम घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने घायल को किसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त मोटर साइकिल को जब्त कर थाने ले आयी है।

## स्पीड न्यूज

### युवा भाजपा नेता ने बाबूलाल मरांडी को दी बधाई



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के डकरा निवासी प्रदेश भाजपा के युवा नेता यश सिंह परमार ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश की कमान मिलने से कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। इनके नेतृत्व में झारखंड में संगठन काफी मजबूत होगा और आने वाले चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगा।

### तीन लाल वारंटी आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**पिपरवार।** पिपरवार पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर फरारी काट रहे तीन लाल वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि न्यायालय में लंबित विभिन्न आपराधिक मामलों में हाजिर नहीं होने पर जिन अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट कुर्की का आदेश जारी हुआ है उनमें से तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार वारंटियों में 36 वर्षीय राजू महतो उर्फ राजेश महतो, पिता स्व लालदेव महतो, 33 वर्षीय टिकेश्वर महतो, पिता बंधन महतो दोनों साकिन हफुवा थाना पिपरवार के साथ 32 वर्षीय सुरेंद्र गंझु उर्फ सूटिया उर्फ सुशांत भोक्ता, पिता मंगल गंझु साकिन बरवाटोला थाना पिपरवार शामिल हैं।

### दो नाबालिगों ने की थी मोबाइल दुकान में चोरी

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू बाजारटांड़ स्थित मोबाइल दुकान में पिछले दिनों में हुई चोरी कांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने बताया कि उक्त घटना को गांव के ही दो नाबालिगों ने अंजाम दिया था। दोनों आरोपी उरुगुट्टू उच्च विद्यालय में पढ़ाई करते हैं। दोनों आरोपियों को सोमवार को बाल सुधारगृह भेजा जायेगा।


### हाई स्कूल राहे के चापानल के समरसेबल की चोरी

**राहे।** हाई स्कूल राहे के परिसर में स्थित चापानल में लगे समरसेबल की चोरी कर ली गई है। घटना शनिवार रात की बतायी जा रही है। चोरी होने की जानकारी रविवार सुबह में हुई। इस संबंध में राहे ओपी में चोरी होने की जानकारी स्कूल प्रबंधन दी गई। इससे पहले भी कई स्कूलों के चापानल में लगे समरसेबल की चोरी हो चुका है।

### 10 को राहे और 11 को सोनाहातू में सिक्यूरिटी गार्ड की होगी बहाली

**सोनाहातू-राहे।** प्रखंड परिसर राहे 10 जुलाई तथा 11 जुलाई को सोनाहातू प्रखंड परिसर में सिक्युरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस लिमिटेड द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पद पर भर्ती शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें शारीरिक जांच एवं लिखित जांच होगी। चयनित उम्मीदवारों का प्रशिक्षण क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र कोलाबीरा गम्हरिया जमशेदपुर में होगा। प्रशिक्षण के उपरांत इनकी नियुक्ति सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में की जाएगी। भर्ती अधिकारी अनुपम सिंह ने बताया कि यह भर्ती प्रक्रिया 10 जुलाई को राहे, 11 जुलाई को सोनाहातू, 12 जुलाई को बुंडू, 13 जुलाई को तमाड़ प्रखंड परिसर में किया जाएगा। जिसमें गांव के शिक्षित युवक अपनी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड, दो फोटो और पंजीयन शुल्क के साथ अपने प्रखंड में भर्ती शिविर में उपस्थित हो सकते हैं।

## सड़क दुर्घटना में घायल आजसू नेता के बेटे की मौत



**ओरमांझी।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिलीप महतो पांचा के 16 वर्षीय पुत्र अंकुश ओहदार उर्फ सोनू की मौत उपचार के दौरान हो गई। मृतक अंकुश आहदार मारवाड़ी कॉलेज इंटर आर्ट्स छात्र था। वह एक जुलाई रात 11 बजे के करीब अपने बाइक से अपने घर पांचा से ब्लॉक चौक ओरमांझी की ओर जा रहा था। आरटीसी कॉलेज दड़दाग से पहल मुर्गी पाल्ट्री फॉर्म के पास खड़ी एक ट्रक से जा टकराया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। पिता दिलीप महतो ने बताया कि वह पढ़ने व खेलकूद में काफी तेज था। जिसका क्रिकेट एकेडमी में एडमिशन की तैयारी चल रहा था। पांचा गांव के कोया गढ़ा मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी मिलने पर आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, आजसू जिला अध्यक्ष संजय कुमार, आजसू केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, जिप सदस्य सरिता देवी, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर महतो सहित आसपास के लोगों ने शोक जताया है।

## सरकार की तुष्टीकरण नीति से बर्बाद हो रहा राज्य : सुदेश महतो



खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** राज्य की हेमंत सरकार युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने पर तुली है। राज्य सरकार तुष्टीकरण करके राज्य को साजिश के तहत बर्बाद कर रही है। उक्त बातें रविवार को कांके रिंग रोड में आजसू पार्टी द्वारा आयोजित कांके विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारियों के सम्मेलन में आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बतौर मुख्य अतिथि कही। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य के युवा हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिये तैयार बैठे है। मौके पर पार्टी सुप्रीमो ने कार्यकर्ताओं से सभी गांवों में पीलर सदस्य तथा हर दस घरों में एक चूल्हा प्रमुख बनाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में कांग्रेसए जेएमएम समेत अन्य पार्टियों के दर्जनों सदस्यों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

**कार्यक्रम में थे मौजूद**

कार्यक्रम को केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, जिलाध्यक्ष संजय महतो, कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, केंद्रीय महासचिव राजेन्द्र मेहता, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी ने भी संबोधित किया। मौके पर विधानसभा के सैंकड़ों पार्टी सदस्य मौजूद थे।

## दिल्ली में तैलिक-साहू सभा का बनेगा धर्मशाला

### तैलिक साहू सभा का मना 45वां स्थापना दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** तैलिक साहू सभा पश्चिम बंगाल इकाई का 45वां स्थापना दिवस मनाया गया। कोलकाता के धनधना ओडिटोरियल हॉल में आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रूपलाल प्रसाद साहू ने किया। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, प्रधान महासचिव मदन कुमार, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहू, युवा प्रधान महासचिव राजकिशोर साहू शामिल हुये। मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर व विशिष्ट अतिथि के महामंत्री रामलाल गुप्ता, अपर महामंत्री डॉ अरुण थे। श्री रूपलाल प्रसाद साहू ने झारखंड प्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष को बुकेए साल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व प्रस्ताव पारित कर दिल्ली मे साहु धर्मशाला निर्माण व समाज के बच्चों का पठन-पाठन का इंतजाम किये जाने का निर्णय लिया गया। श्री महेश साहू ने बताया कि भवन के बनने से समाज की कई जरूरतें पूरी होगी।

## बलसोकरा के मदरसा दारुल उलूम कासमिया में शोकसभा

**चान्हो।** प्रखंड के बलसोकरा स्थित मदरसा दारुल उलूम कासमिया में रविवार शोक सभा का आयोजन क्या गया। बताते चलें बीते शुक्रवार को मदरसा के फाउंडर मेंबर मौलाना अब्दुल गनी का निधन हो गया था। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया है। सभा को संबोधित करते हुए मौलाना नूर हसन ने कहा कि मौलाना ने समाज और क्षेत्र के शिक्षा के लिए जो कार्य किए हैं उसको कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिस तरह उन्होंने सामाजिक तौर पर लोगों को जोड़कर एक रहने की कोशिश की थी। सभा को संबोधित करते हुए मौलाना अब्दुल कयूम ने बताया कि आज इस मदरसे से जुड़े हुए मौलाना अब्दुल गनी का निधन हुआ है, मगर उनके द्वारा मदरसे के लिए जो भी कार्य किए गए हैं ओ कयामत तक कभी खत्म नहीं होने वाला है।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर मौलाना अब्दुल कयूम कासमी, इमममुद्दीन अंसारी, मौलाना दिलावर हुसैन, मुफ़्ती मोहम्मद उजैर कारी, सुल्तान मौलाना मोशर्फ, अब्दुर रशिद अंसारी, इजाजुर रहमान, मौलाना गाजी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### इटकी : शिविर में 200 रोगियों की हुई जांच



**इटकी।** स्थानीय मक्का मैरेज हॉल में रविवार को क्लीनिका क्योर हॉस्पिटल रांची और अल जबर पारा मेडिकल कॉलेज ब्राम्बे के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ सय्यद अल्तमश, डॉ आफताब आलम, डॉ रुची व डॉ आशुतोष ने करीब दो सौ रोगियों का स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिया व जरूरतमंद लोगों के बीच मुफ्त दवा वितरण किया। इससे पूर्व डॉ अल्तमशव व डॉ आफताब ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का उदघाटन किया। अकील अहमद व हाजी जफर ने अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया। शिविर को सफल बनाने में अब्दुल्लाह इकबाल, आमिर हमजा, मंजूर अहमद, अल्तमश, सैयाब, कैफ, फैजान, दानिश, वीरेंद्र, अभय, नूरअफसा, नौशीन, सादिया के अलावा क्लीनिका क्योर हॉस्पिटल व अल जबर पारा मेडिकल कॉलेज के स्टॉफ व विद्यार्थियों ने मुख्य भूमिका निभाई।

### भोले बाबा को जल पिलाने शिवालयों में उमड़ी भीड़



**ओरमांझी।** मंदिरों में स्थित शिवलिंग में जल सोखने की चर्चा के बीच रविवार को प्रखंड क्षेत्र के भक्तगण शिवालयों में जल लेकर पहुंचने लगे। कई मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड क्षेत्र के बारीडीह शिवालय में लोगों की विशेष भीड़ देखी गई। सभी लोग शिवलिंग पर जल का वर्तन सटाते जल सोख लेने का दावा कर रहे थे। पूर्व मुखिया सह राज्यसभा प्रतिनिधि मानकी राजेंद्र शाही ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा शिवालयों में जल लेकर काफी संख्या में लोग पहुंचे थें। यह घटना रविवार रात आठ बजे से 10 बजे तक की है।

### महाकालेश्वर धाम में जलाभिषेक की तैयारी पूरी



**ओरमांझी।** प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे गगारी पहाड़ पर स्थित महाकालेश्वर धाम सहित क्षेत्र के सभी शिवालयों में श्रावणी माह की पहली सोमवारी को भगवान शिव की जलाभिषेक की तैयारी की गई है। पहाड़ व चारों ओर हरे-भरे वृक्षों के बीच महाकालेश्वर धाम जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महाकालेश्वर धाम में पहुंचते ही अद्भुत शांति का सुखद के अहसास होती है। यह धाम झारखंड की राजधानी रांची से 25 किलोमीटर की दूरी पर उलातू ओरमांझी पर स्थित है। रांची से महाकालेश्वर धाम पहुंचने के लिए ओरमांझी से लगभग तीन किमी तक काली करण सड़क बना है।

### वेल्डिंग के दौरान बस और बाइक में लगी आग



**ओरमांझी।** साइन अब्दुर्रज्जाक अंसारी इंस्टीच्यूट ऑफ हेल्थ रिसर्च सेंटर ओयना इरबा में एक विंगर बस व बुलेट बाइक जल गयी। रविवार को दोपहर 12 बजे हुई घटना के संबंध में बताया गया कि बस संख्या जेएच01एबी- 4072 का रिपेयरिंग का कार्य चल रहा था। तभी वेल्डिंग करने के दौरान बस में आग लग गई। वहीं खड़ी बुलेट बाइक भी आग की चपेट में आ गयी। आग लगने से अफरा तफरी मच गई। घटना की जानरी मिलने पर पहुंचे संस्थान के छात्रों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तबतक दोनों वाहन चल कर राख हो गई। जहां पर आग लगी सामने रखे बिजली ट्रांसफार्मर, जेनरेटर व आक्सीजन सिलेंडर के साथ भवन जलने से बच गये।

### एसटी-एससी, ओबीसी एकता मंच ने भाजपा प्रतिनिधि का फूंका पुतला

**खलारी।** मध्य प्रदेश के सिंधी में आदिवासी युवक पर भाजपा प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला द्वारा खुलेआम पेशाब करने का मामले को लेकर एसटी एससी, ओबीसी एकता मंच के तत्वावधान में रविवार को डकरा अंबेडकर पार्क में प्रवेश शुक्ला का पुतला दहन कर विरोध जताया। आदिवासी दशमत रावत के सिर पर लघु शंका किए जो आदिवासी समाज के लिए घोर अमावनीय कृत है। मौके पर सोनी तिग्गा, अनिता एक्का, अनीता एक्का, रंथु उराव, देवपाल मुंडा, जगन्नाथ महतो, कमेश लोहार मौजूद थे।

## ओरमांझी के आध्यात्मिक मेला में होंगे 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईवरीय विश्वविद्यालय के सहयोगी शाखा टाटीसिल्वे की ओर से अंचल मैदान ओरमांझी में ज्योतिर्लिंगम अध्यातिमक दर्शन मेला का लगाया गया है। श्रावण माह के पावन अवसर पर नौ जुलाई से 17 जुलाई तक लगने वाले इस मेला में 12 ज्योतिर्लिंग का दर्शन भी किया जा सकता है। मेला का उद्घाटन पूर्व सांसद रामटहल चौधरी व पूर्व प्रमुख अनुपमा देवी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया गया। रामटहल चौधरी ने कहा आज के समय में विभिन्न समस्यों व जिम्मेदरियों से जूझ रहे लोगों के लिए यह धार्मिक मेला शांति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे में परिस्थिति का सामना करने की कमी हैं। इस कारण आज बच्चे भी आत्महत्या कर लेते हैं। वहीं प्रमुख ने धार्मिक मेला लगाने वाले बहनों का स्वागत किया। कहा कि इससे समाज को ज्ञान व लाभ मिलेगा। मेला में प्रतिदिन सुबह-शाम आरती व चार बेज से प्रवचन और संध्या 6.30 से आठ बजे तक वीडियो शो के माध्यम से लोगों को धर्म व आस्था से जोड़ा जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए शाखा संचालिका बीके लक्ष्मी ने बताया कि सभी भक्ति भाव से जुड़ते हैं। उन्होंने कहा बच्चों में आत्महत्या करने की घटना उनमें शहनशक्ति की कमी के होती है। मेला के माध्यम से बच्चों का सहनशक्ति बढ़ाया जाएगा। मेला में झुला भी लगा है। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख प्रेमचंद महतो, राधाचरण सिंह, दुर्गा शंकर गुप्ता, सत्यनारायण तिवारी, लक्ष्मण साहू, कृष्णा कुमार, रेणु कुमारी, गीता कुमारी, मनिषा कुमारी, नीलम देवी, नीरज देवी मौजूद थे।

## रूपाली को स्वर्ण और कांस्य पदक, श्रद्धा को मिला रजत

### तैराकी प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** 13वीं राज्य स्तरीय जूनियर सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में गैर सरकारी संस्था जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी की दस वर्षीय रूपाली जायसवाल ने 50 मीटर बटर फ्लाई में स्वर्ण पदक और 50 मीटर बैक स्ट्रोक में कांस्य पदक जीता है। जबकि उसकी सगी बहन 12 वर्षीय श्रद्धा जायसवाल 100 मीटर बैक स्ट्रोक में रजत पदक जीता है। संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने दोनों विजेताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर लड़कियों ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अगले वर्ष हमारा प्रयास क्षेत्र के 100 बच्चों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग दिलाने का है। क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इन्हें एक अच्छे प्लेटफॉर्म की जरुरत है। परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा ने बधाई देते हुए कहा कि हमारी परियोजना क्षेत्र के बच्चे तैराकी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

**इन्होंने दी बधाई**

कार्यपालक अभियंता संजय सिंह, अमन जायसवाल, महासचिव सत्यपाल, सचिव राजकुमार, कोषाध्यक्ष रमण कुमार, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार दीपू, सहायक अभियंता संतोष कुमार, संदीप कुमार वर्मा, समाजसेवी लक्ष्मण प्रसाद सैनी, गणेश रजवार आदि ने बधाई दी हैं।

## मांडर में ग्रामीण मेधा सम्मान समारोह

### मांडर-चान्हो और रातू के मैट्रिक-इंटर के टॉपर विद्यार्थी सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची जिला ग्रामीण के मांडर इकाई द्वारा शुक्रवार को ग्रामीण मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मांडर-चान्हो और रातू के मैट्रिक इंटर में टॉपर विद्यार्थियो को शील्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में युवा नेता सन्नी टोप्पो, समाजसेवी बाबू पाठक, राजनाथ सिंह उपस्थित रहे। सभी मेधावी छात्रों को अतिथियों और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने पुरस्कृत किया। सन्नी टोप्पो ने एबीवीपी के 75वें स्थापन दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए आयोजन की सराहना की। विश्वविद्यालय सह संयोजक अनिकेत सिंह ने कहा कि 75 वर्ष में प्रवेश कर रही है यह काफी गौरव की बात है। हम सब हमेशा छात्र हित, राष्ट्र हित के लिए तत्पर रहते हैं। जिला ग्रामीण संयोजक उत्कर्ष तिवारी ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं एवं सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए।

**कार्यक्रम में थे शामिल**

मौके पर सन्नी टोप्पो, बाबू साई कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन राजेश कुमार, आशुतोष तिवारी, राजनाथ सिंह, प्रदीप महली, आदर्श प्रसाद, विवेक सोनी, नेहा, तनु, अनीशा, शिवम पाठक, सतीश, अमरेनद्र, श्रवन सुनील कुमार, शिक्षक विजेस्वर सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महादानी मंदिर में श्रृंगार पूजा आकर्षण का केंद्र

### शाम होते ही आस्था-श्रद्धा के सैलाब में डुबकी लगाते हैं श्रद्धालु



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में श्रावण मास में प्रत्येक दिन होने वाले बाबा भोलेनाथ महादानी का भव्य श्रृंगार लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सावन के महीने में प्रत्येक दिन शाम से रात तक श्रद्धालु पूजा-अर्चना का शुभारंभ सत्यनारायण व्रत कथा से करते हैं। इसके बाद विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार होता है। महादानी मंदिर में पिछले 22 वर्षों से बेड़ो के समाजसेवी विजय टंडन के नेतृत्व में श्रृंगार पूजा होता है। वर्ष 2001 में भगवान भोलेनाथ महादानी का श्रृंगार पूजा शुरू हुआ था। वर्ष 2001 में महादानी सेवा सत्संग समिति और बेड़ो गांव के निवासियों में विजय टंडन, राजेंद्र तिवारी, बाणी कुमार राय, प्रदीप राय व हरि सोनी तथा अशोक पंडा के प्रयास से सामूहिक रूप से पहली बार श्रृंगार पूजा किया गया। वर्ष 2001 से लेकर 2005 तक लगातार 3 से 4 वर्षों तक दो-दो रुपए सभी ग्राम वासियों से चंदा कर श्रावण मास के प्रत्येक दिन भगवान भोलेनाथ महादानी का श्रृंगार पूजा किया जाता था। श्रृंगार पूजा मात्र पांच से सात सौ रुपए में शुरू किया गया था।

**श्रृंगार पूजा से मनोकामनाएं होती हैं पूरी**

मुरारी सेनगुप्ता ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से महादानी मंदिर में भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार पूजा करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार पूजा करने से उन्हें आत्मा की शांति के साथ मनोकामना भी पूर्ण होती है। उन्होंने महादानी मंदिर के भोलेनाथ को दानियों के दानी महादानी बताया। उधर महादानी मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पंडा ने बताया कि वर्ष 2001 से लगातार सावन महीने में श्रृंगार पूजा हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन बेड़ो की कीर्तन मंडली और बाबा भोलेनाथ के भक्त शाम होते ही अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर श्रृंगार पूजा महोत्सव के दौरान भक्ति संगीत व कीर्तन भजन से अपनी श्रद्धा भगवान भोलेनाथ को समर्पित करते हैं।

स्पीड न्यूज

## स्व केएन शर्मा की स्मृति में 142 यूनिट रक्तदान



जमशेदपुर। बिहार एसोसिएशन के संस्थापक सदस्यों में से एक एवं इंजीनियरिंग कॉलेज का स्वप्न साकार करने वाले स्वर्गीय केदारनाथ सिंह शर्मा की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर राजेंद्र विद्यालय के प्रांगण में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 8:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक चले रक्तदान शिविर में सदस्यों ने कुल 142 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर बिहार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉक्टर शिव कुमार सिंह ने अपना बहुमूल्य समय देकर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बिहार एसोसिएशन प्रबंध समिति के अध्यक्ष बृजनंदन चौधरी महासचिव चंद्र प्रकाश नारायण सिंह सहित समस्त गणमान्य सदस्य एवं राजेंद्र विद्यालय साक्षी की प्रधानाचार्य जयंती सिंह, राजेंद्र विद्यालय घुटिया शाखा की प्रधानाचार्य खुशबू ठाकुर, उप प्रधानाचार्य प्याली मुखर्जी, विद्यालय की सीनियर कोऑर्डिनेटर किरण सिन्हा एवं जूनियर कोऑर्डिनेटर्स डी वाणी तथा इंजीनियरिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य अनुमिता सेन गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर शिक्षकों अभिभावकों विद्यार्थियों एवं समाजसेवियों ने रक्तदान कर स्वर्गीय केदारनाथ सिंह शर्मा के प्रति अपने भाव सुमन अर्पित की।

## बिरसानगर के नये थानेदार के पद पर विवेक ने किया योगदान



जमशेदपुर। जमशेदपुर के एसएसपी प्रभात कुमार ने बिरसानगर के नए थानेदार के पद पर सब इंस्पेक्टर विवेक कुमार माथुरी को तैनात किया है। विवेक माथुरी पहले बिस्टुपुर थाने में पदस्थापित थे। विवेक ने अपना पदभार संभाल लिया है। इधर निलंबित थानेदार प्रभात कुमार को गोलमुरी पुलिस लाइन में योगदान देने के लिए कहा गया है। पूर्व थानेदार को एक मामले की शिकायत मिलने के बाद जांच में पुष्टि होने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। निलंबन के बाद एक दूसरे ही दिन एसएसपी ने नए थानेदार की पदस्थापना कर दी।

## जय हो और हिंद आइटीआई की टीम ने लिया दलमा की ट्रैकिंग का आनंद



जमशेदपुर। झारखंड युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए 9 जुलाई 2023 को हिंद आईटीआई और जय हो कि टीम ने प्रकृति की गोद में बसे दलमा अभयारण्य में ट्रेकिंग करके प्रकृति की वादियों का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर हिन्द आईटीआई के डायरेक्टर सह मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर, डायरेक्टर डॉ. ताहिर हुसैन ने फिटनेस प्रोग्राम ऑर्गनाइज किया जिसमें उपस्थित युवाओं ने ट्रैकिंग, योग और कसरत करते हुए उसके लाभ को समझा। साथ ही उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा की नशा से नफरत और सेहत से प्रेम करे। इस कार्यक्रम में युवाओं ने ट्रैकिंग का खूब आनंद लिया। कसरत और योग के लाभ जानकर युवाओं ने इसे प्रतिदिन करने का प्रण भी किया। इस अवसर पर जय हो टीम की तरफ से कद्दर के उएड अनिल कुमार मौर्य और एक्स आर्मी कमांडो राजीव रंजन उपस्थित हुए। अनिल कुमार मौर्य ने युवाओं को योगासन सिखाया साथ ही स्वास्थ्य के प्रति हमे लगाव रखने के टिप्स बताये। वहीं एक्स आर्मी कमांडो राजीव रंजन ने भी युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति आर्मी के नियम और बेहतर स्वास्थ्य अपनाने के टिप्स बताये। आज के फिटनेश कार्यक्रम में हिन्द आईटीआई के स्टूडेंट्स जिनमें दिनेश चांद, मो० दानिश, चंदन कुमार, मो० अरमान आलम, मो० दानिश, विकाश गुप्ता, मनीष रजक, मो० आदिल खान, आशीष गोराय, पापू गायन, मो० जमीर अंसारी, आजाद अंसारी, मकशुद रजा, मो० ईकराम अंसारी, मो० आफताब, चंचल कुमार, भूषण कुमार, अब्दुल्लाह अंसारी मोनिश खान मुख्य रूप से शामिल हुए।

## कदमा में आयोजित की गई मुफ्त स्वास्थ शिविर

जमशेदपुर। ट्रिनिटी फिनटेक संस्था के द्वारा गत शनिवार को कदमा के सेवाब्राती नील संघ में मुफ्त स्वास्थ शिविर आयोजित की गई। इस शिविर का लाभ 100 से ज्यादा शहरवासियों ने उठाया। इस शिविर को सफल बनाने में माई किड्स प्री स्कूल और डॉक्टर मनोहरलाल गोयल श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट ने साथ दिया। इस शिविर में आंखों की मुफ्त जांच के लिए पूर्णिमा नेत्रालय की टीम तथा सामान्य स्वास्थ जांच के लिए ब्रह्मानन्द हॉस्पिटल की टीम आई थी।

# विधानसभा चुनाव में 35 सीटों पर लड़ेगा भारतीय जनतंत्र मोरचा : सरयू राय

### तीसरे सप्ताह में राज्य भर से आये चुनिंदा 150 लोगों के साथ मंथन करेंगे विधायक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** झारखंड में प्रेशर पॉलिटिक्स के जरिए राजनीति को सही दिशा में ले जाने के लिए प्रयासरत भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संस्थापक सरयू राय लोकसभा चुनाव में सशक्त हस्तक्षेप करने की तैयारी कर रहे हैं। वे ऐसे मुद्दों को लेकर चुनाव में प्रत्याशियों के सामने रखेंगे जिनसे पोपुलर पॉलिटिक्स करने वाले राजनीतिक दलों के चेहरे पर पसीने आ जायेंगे। अब लगभग सभी राजनीतिक दल लोकसभा चुनाव के मोड में आ चुके हैं, तो राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारी भी हो रही है। ऐसे में भारतीय जनतंत्र मोर्चा भी तैयारी में जुट गया है। सरयू राय ने यह भी संकेत दिया है कि वे अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए किसी राजनीतिक पार्टी के बैनर के मोहताज नहीं है। यह भी कि वे जहां भी रहेंगे, सही को सही, और गलत को गलत अवश्य कहेंगे। विधायक सरयू राय ने रविवार को बिष्टुपुर स्थित आवासीय कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि इसी माह के तीसरे सप्ताह में भाजमो एक बैठक करने जा रहा है, जिसमें पूरे राज्य से सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक एक्टीविस्ट समेत 150 लोग जुटेंगे। भाजमो विधानसभा चुनाव 30 से 35 सीट पर चुनाव लड़ेगा, लेकिन इससे पहले लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका की तलाश करेगा। विचार मंथन बैठक में बुद्धिजीवियों से सुझाव भी मांगे जाएंगे कि वे कौन से मुद्दे होंगे, जिसे चुनाव में उठाया जाए। सरयू राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आड़े हाथों लिया। राय ने कहा, अभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर जगह बोल रहे हैं कि भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं होगा। मेरा कहना है कि यदि सचमुच ऐसा है तो फिर ईडी, सीबीआई जो सुबूत पेश कर रही है, उसमें अपना-पराया नहीं होना चाहिए।

# टीएसपीसी का प्रचार करने आये तीन उग्रवादी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनातू (पलामू)।** नक्सली संगठन टीएसपीसी का प्रचार प्रसार करने आये एक उग्रवादी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके निशानदेही पर सहयोगी दो अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। रविवार को लेस्लीगंज एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 8 जुलाई को चतरा पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद जोनल कमांडर आक्रमण गंझु के नेतृत्व में दस्ता मनातू के नागद गांव में छिपा हुआ था। इस गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। जिसमें जोनल कमांडर आक्रमण गंझु भागने में सफल रहा। पुलिस के सर्च अभियान में आक्रमण गंझु को बाइक पर भगाने वाले उग्रवादी बसंत सिंह को अपने कब्जे में कर लिया। वही उसके निशानदेही पर दो अन्य उग्रवादी सहयोगी सदस्य मिथलेश भुईयां ग्राम नागद मनातू तथा संतोष भुईयां को गिरफ्तार कर लिया। टूटी ने बताया कि पूछताछ में बसंत ने बताया कि आक्रमण गंझु एक बैग दिया है जो मिथिलेश भुइयां के पास है। इस जानकारी के बाद पुलिस मिथिलेश को गिरफ्तार कर लिया जिसके पास से बैग बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों उग्रवादी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस छापामारी अभियान में उग्रवादियों के पास से दो मोबाइल, 2 पॉकेट डायरी, 7 सिम कार्ड, 6700 रूपये संगठन का पर्चा, दैनिक उपयोग का अन्य सामग्री बरामद किया गया। छापामारी अभियान में मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार, संजय कुमार रजक, वीरेंद्र गुप्ता, विकास दुबे, वीरेंद्र मेहता आदि शामिल थे।

# नामधारी की पुस्तक 'एक सिख नेता का दास्तान' का विमोचन

खबर मन्त्र संवाददाता



आत्मकथा बहुत सी चीजों को बयां करती है : प्रो सुभाषचंद्र मिश्रा
जात-पात व धर्म से लंबी लकीरें खींच दें, मानवता जीत जायेगी : नामधारी

**मेदिनीनगर।** प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी द्वारा लिखित एक सीख नेता का दास्तान पुस्तक का लोकार्पण चंद्रा रेसिडेंसी में प्रो सुभाष चंद्र मिश्रा, पीपी अखिलेश्वर प्रसाद सिन्हा, डा आरपी सिन्हा, अजीत सिंह नामधारी, प्रेम भसीन व अन्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो सुभाष चंद्र मिश्रा ने कहा कि इंदर सिंह नामधारी बालकाल से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी रहे हैं। वे अपने मूल्यों व सिद्धांतों से कभी कोई समझौता नहीं किया। एक लंबी राजनीतिक पारी का खेल खेलते हुए इन्होंने अपनी आत्मकथा एक सिख नेता का दास्तान पुस्तक में वर्णित किया है। जो बहुत ही हिम्मतवाला काम है। कोई भी व्यक्ति अपने बारे में सार्वजनिक रूप से बयां नहीं कर पाता है, लेकिन कोई बिरले ही ऐसे होते हैं, जिन्होंने अपनी जीवन की पूरी कथा आमजन मानस के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। ऐसे में इंदर सिंह नामधारी साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी आत्मकथा जीवन होती है। इंदर सिंह नामधारी अपने राजनीतिक जीवन में कभी अपने करीबी व्यक्ति को भी नहीं देखा। जिन्होंने अपनी पुस्तक में राजनीतिक पीड़ा को भी वर्णित किया है। वे एकीकृत बिहार से लेकर झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष समेत लोकसभा का सदस्य होने तक का सफर किया है।

इन्होंने पुस्तक में अपनी पत्नी के बारे में लिखा है कि मैं तुम्हारा हमसफर तो बना लेकिन हमदर्द नहीं बन पाया। जो किसी परिवार के लिए बहुत बड़ी बात होती है।

इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में किसी काम का श्रेय लेने के लिए नेताओं में होड़ मची रहती है। जो आज झारखंड राजनीत में अलग राज्य कराने के लिए लोग श्रेय लेने के लिए होड़ मचाये हुए हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि झारखंड अलग राज्य कैसे बना यह सही बात शैलेंद्र महतो बता सकते हैं। जिन्होंने यह कहा कि झारखंड बनाने का श्रेय यदि किसी को जाता है तो वह है इंदर सिंह नामधारी। उन्होंने कहा कि बिहार से अलग राज्य कराने के लिए वनांचल राज्य का नाम देकर समरेश सिंह और मैं आंदोलन का बिगूल फूंका जिसका परिणाम यह हुआ कि अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में देश के तीन राज्यों को अलग किया जा रहा था। जिसमें वनांचल भी शामिल था लेकिन इस वनांचल नाम पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोगों ने यह कहते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई कि वृहत झारखंड के रूप में इसे अलग किया जाये।

वृहत झारखंड अलग करना नामुमकिन था, तब मैंने बिहार के नेता सुशील कुमार मोदी को यह कहा कि वनांचल हम दोनों नेताओं का दिया हुआ नाम है। इसे हटाकर झारखंड शब्द पर ही मुहर लगा दिया जाये। तब जाकर सुशील मोदी मानें और राज्य झारखंड को बिहार से अलग किया गया।

नामधारी ने कहा कि जात-पात व धर्म से एक लंबी लकीर खिंच दें तो मानवता जीत जायेगी, जो मैंने किया।

## राजनीति को लेकर धारणा बदलने की जरुरत : चंद्रेश्वर खां



**जमशेदपुर।** रविवार को झारखंड जानतांत्रिक महासभा के बैनर तले मानव विकास स्कुल, हुडलूंग में पूर्वी सिंहभूम जिला स्तरीय एकदिवसीय युवा नेतृत्व कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में अंतरष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चंद्रेश्वर खां थे। चंद्रेश्वर खां ने युवाओं युवा का उल्टा होता है वायु, वायु यानि पर्यावरण। जब पर्यवाराण बिगड़ रहा है तो सब चिंता कर रहा है। लेकिन जब युवाओं का दशा -दिशा बिगड़ रहा है तब इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दे रहा है। राजनीति को लेकर धारणा बदलने की जरूरत है। इसी धारणा को तोड़ने के महासभा युवाओं के लिए एक राजनीतिक प्लेटफॉर्म तैयार कर रही है। युवाओं को शक्रिय राजनीति में लाने के लिए प्रखंड स्तरीय युवा नेतृत्व कार्यशाला करने का निर्णय किया गया।

## खबर एक नजर में

### ग्रामीणों की समस्या दूर करना प्राथमिकता : मंगल



केसीकुदर के ग्रामीण विधायक का स्वागत करते हुए।

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने रविवार को जमशेदपुर प्रखंड के लुवाबासा पंचायत के केसीकुदर गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना और ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उक्त गांव में सड़क निर्माण, विद्युत संबंधित समस्याएं और चापाकल की समस्या विधायक के समक्ष ग्रामीणों ने रखी। मौके पर विधायक ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को बिजली के खंभे लगाने का निर्देश दिया, सड़क का काम शुरू करवाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया और अन्य समस्याओं का भी मौके पर ही समाधान किया। मौके पर ही समस्याओं का समाधान होता देख ग्रामीण खुश हो गए और विधायक का आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार विकास पर विश्वास रखती है। मौके पर रजत प्रसाद,संजय महतो, कृष्णा महतो, हिरा लाल, तिलोचंद, बैंकराज, मंगल, विक्रम, सोनू, सूरज, लखि, बाबू राम, राणा, संतु, जुरू आदि ग्रामीण और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नवयुवक कांवरिया संघ का जत्था बाबाधाम रवाना



**जमशेदपुर।** श्रावण माह के अत्यंत पावन अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) के लिए रविवार को 'नवयुवक कांवरिया संघ टाटानगर' का बड़ा जत्था काली मंदिर, पारडीह से रवाना हुआ। मंहत विद्यानंद सरस्वती व हर हर महादेव सेवा संघ परिवार ने सभी कांवरियों को अंगवस्त्र प्रदान करके सम्मानित करके यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर महंत विद्यानंद सरस्वती ने उपस्थित शिवभक्तों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी भक्तों को बाबाधाम जाने का सुअवसर मिलता है जो लोग बाबा भोलेनाथ की दरबार जाते हैं वो कभी खाली हाथ नहीं लौटते हैं। उन्होंने नें सभी कांवरियों से आग्रह किया कि आप सभी जमशेदपुर सहित समूचे विश्व में सुख शांति की कामना बाबा भोलेनाथ से करें। संस्था के संरक्षक भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि प्रतिवर्ष कांवरियों का यह जत्था बाबा बैजनाथ धाम को जलाभिषेक के लिए जाता है व विश्व कल्याण की कामना करता है। बोल बम, हर हर महादेव के जयघोष के साथ कांवरियों का जत्था सुल्तान गंज के लिए रवाना हुआ। जहां से शिव भक्त कांवर में जल भरकर 105 किमी की पैदल यात्रा कर अपने आराध्य बाबा बैजनाथ को जलाभिषेक करेंगे। सभी कांवड़ियों को अपनी शुभकामनाओं के साथ उनके मंगलमय यात्रा की कामना करता हूं। इस जत्थे में जूगुन पांडे, अजय राम, आशुतोष बनर्जी, विभाष मजूमदार, संजीव संगी, विक्रम ठाकुर, ब्रजेश, कौशिक प्रसाद, गौतम मोदक, बप्पी नंदी, रवि मंडल, पिंटू भिरभरिया, विक्की तारवे, सूरज चौबे, रामा राव, बॉबी सिंह, अभिषेक, विवेक, मंगलू, कल्लू, प्रणय दास, बबलू, अजय प्रसाद, सूरज यादव, सुशील, संतोष, राकेश, खेमराज, चीकू, कन्हैया चौधरी, सुमित, सिकंदर, प्रसनजीत, प्रवीण, राहुल सहित अन्य मौजूद थे।

### सिंगल मदर निशात खातून ने खोला प्रज्ञा केंद्र





**जमशेदपुर।** निशात सिंगल मदर है। एक बच्ची की मां निशात अपने पारिवारिक जीवन केउथल-पूथल के बाद पति से तलाक लेकर जीवन में अब काफी आगे पढ चुकी हैं। मुआवजे और न्याय की लडाई में अथाह संघर्ष कर अब पति से अलग होकर अपना मुकाम बना चुकी हैं। पिता के टाटा स्टील से सेवानिवृत होने के बाद निशात कपाली में नया घर बनवा कर वहां शिफ्ट हो चुकी हैं। वे वहां से अब आर्थिक स्वालंबन के लिए प्रज्ञा केंद्र संचालित करेंगी। साथ-साथ सामाजिक संगठन महिला विकास मंच का दफ्तर भी वहां चलायेंगी। निशात ने मुस्लिम समाज और पूरे भारतीय समाज में ऐसा उदाहरण पेश किया है जो हालातों से जूझ रही हर महिला के लिए प्रेरणादायी है। सामाजिक कार्यों में बढ चढ कर हिस्सा लेनेवाली और आकृति जैसे ब्रांड के साथ बतौर इंटीरियर डिजाइनर कार्य कर चुकी निशात को महिला विकास मंच की संस्थापक पटना की वीणा मानवी ने संस्था से जुड़ने का ऑफर दिया जिसे निशात ने सहर्ष स्वीकार किया। निशात खातून महिला विकास मंच की कोल्हान अध्यक्ष हैं। यह संस्था पीडित महिला और पुरुष दोनों के लिए मदद मुहैया कराती है। परेशानी सुनने के बाद निशात अपनी टीम के साथ मिलकर पीडित की मदद में जुट जाती है। यह मदद कानूनी भी होती है। निशात अपने माता-पिता के साथ रहती है। निशात और उनका पूरा परिवार एक मिसाल है।

### मारवाड़ी समुदाय के नये चार्टर्ड अकाउंटेंट का मारवाड़ी युवा मंच ने किया सम्मान



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा आईसीएआई द्वारा घोषित किए गए चार्टर्ड अकाउंट के फाइनल परीक्षा में सफल रहे मारवाड़ी समुदाय के नव योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट (नये सीए) का सम्मान किया गया। बिष्टुपुर स्थित राजस्थान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में नये 9 सीए क्रमशः स्वास्तिका चेतानी, डिंकी मित्तल, शोभा खंडेलवाल, दिव्या अग्रवाल, विपाशा अग्रवाल, सौरव मूनका, अंशुल सावा, सिमरन अग्रवाल और अमित कुमार शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया, जो उनके समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया। कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, शाखा सचिव अशुंल रिंगासिया, आदित्य जजोदिया, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, आनंद अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, मेघा चौधरी, विजय सोनी, राजेश अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत कर रहा स्वर्ण जयंती समारोह की तैयारी



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, झारखंड की प्रांतीय बैठक रविवार को जुगसलाई के मेरेडियन होटल में आयोजित की गई। बैठक का आरंभ भारत माता और विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय उपाध्यक्ष विमला हेम्ब्रम जी के द्वारा की गई। ग्राहक गीत सदस्या डॉली परिहार ने गाया और संगठन मंत्र का वाचन पर्यावरण संरक्षण आयाम प्रमुख राहुल ने किया। बैठक आरंभ करते हुए प्रांत के संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति ने आगामी स्वर्ण जयंती वर्ष के विषय में और संगठन के द्वारा विगत वर्ष के कार्य और आगामी योजनाओं के बारे में प्रबोधन देते हुए पेसा एक्ट, वन रक्षा अधिनियम, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के साथ एम ओ यू , ग्राहक हित से संबंधित ज्ञापन, साहित्य निर्माण, झारखंड के विभिन्न जिलों में प्रवास इत्यादि विषयों पर कार्य करने की योजना बनाई। पर्यावरण संरक्षण आयाम प्रमुख राहुल, विधि प्रकोष्ठ प्रमुख रवि प्रकाश सिंह और कोषाध्यक्ष चंद्रनाथ बनर्जी ने आगामी योजना और कार्यों के बारे में जानकारी दी। स्वर्ण जयंती समारोह में संगठन की क्या गतिविधियां होंगी और केंद्र को इस संदर्भ में प्रांत से क्या अपेक्षा है, इस विषय पर प्रांत सचिव डॉक्टर कल्याणी कबीर ने वक्तव्य दिया। बैठक के समापन में उपाध्यक्ष बिमला हेंब्रम का पाथेय मिला। कल्याण मंत्र सदस्या सरिता सिंह ने प्रस्तुत किया।

## सूर्य मंदिर समिति से तीसरी सोमवारी पर निकलेगी सामूहिक जलाभिषेक यात्रा



जमशेदपुर। सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में समिति द्वारा पवित्र श्रावण मास के तीसरे सोमवारी को होने वाले आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को सम्पन्न हुई। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सूर्य मंदिर द्वारा 21 अगस्त को तृतीय सोमवारी पर होने वाले सामूहिक जलाभिषेक यात्रा की सफलता व भव्यता हेतु विभिन्न पहुलओं पर चर्चा की गई। इस दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सूर्य मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक रघुवर दास मौजूद थे। पुर्वी विधानसभा क्षेत्र के बारीडीह, बिरसानगर एवं साकची थाना क्षेत्र के मातृशक्ति की मौजूदगी में सम्पन्न बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 21 अगस्त को सुबह 7 बजे शिवभक्त बारीडीह हरि मंदिर मैदान में एकत्रित होंगे। जहां से जलपात्र में जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए सूर्य मंदिर के शिवालय में बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करेंगे। शिवालय में जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण होगा। बैठक में मंदिर समिति के प्रभारी लक्ष्मीकांत सिंह, राकेश सिंह, उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा, संतोष यादव, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, महामंत्री अखिलेश चौधरी, मंत्री रूबी झा, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, कृष्णमोहन सिंह, कोषाध्यक्ष अधेन्दू बनर्जी, मीडिया प्रभारी प्रेम झा एवं सह मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा समेत कई अन्य मौजूद थे।

## पोटका के कोवाली क्षेत्र में घर-घर गए सांसद विधुत वरण महतो,गिनायी मोदी सरकार की उपलब्धियां

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



कोवाली गांव में जन संपर्क करते सांसद विद्युतवरण महतो।

**पोटका।** भाजपा कोवाली मंडल के द्वारा रविवार को कोवाली व चराडीह गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान सांसद विद्युतवरण महतो एवं पूर्व विधायक मेनका सरदार ने ग्रामीणों से कहा कि देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पार्टी गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाया। सांसद ने ग्रामीणों से कहा वर्ष 2024 में नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएं। मौके पर 9 वर्ष के कार्यों का लेखा जोखा वाली पुस्तक का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मनोज सरदार,कोवाली मंडल अध्यक्ष रबीन्द्र सरदार, पोटका मंडल अध्यक्ष सुदीप डे,शरत सिंहदेव, राजु कुंडू, दिनेश (पिंटु)गुप्ता, राहुल महतो, सविता महतो,सुभाष सरदार, सुजय मंडल, यशवंत महतो, मिरत्युञ्जय साव, सचिदानंद महतो, वार्ड सदस्या कविता महतो, सुकुमार महतो, रत्नाकर महतो, प्रकाश महतो, सुषेण सरदार, शंकर महतो, कविराज महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय में कला प्रदर्शनी संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



प्रदर्शनी का अवलोकन करती समाजसेविका पूरबी घोष।

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय, आदित्यपुर के स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स का पहला वार्षिक कला प्रदर्शनी का समापन समारोह आयोजित हुआ। प्रदर्शनी का आयोजन विश्वविद्यालय सभागार में किया गया था। फाईन आर्ट्स प्रदर्शनी में श्रीनाथ विश्वविद्यालय के फाईन आर्ट्स विभाग के छात्रों द्वारा कलात्मक वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। दर्शकों के देखने के लिए पेंटिंग, मनमोहक मूर्तियां और उत्कृष्ट मिट्टी के बर्तनों का प्रदर्शन हुआ है। इस प्रदर्शनी में अतिथि के रूप मे शुभेंदु विश्वास, शहर की प्रतिष्ठित कलाकार मुक्ता गुप्ता, शुभम गोराई, फैशन डिजाइनिंग विभाग आर्का जैन यूनिवर्सिटी से अनुप कुमार सिंह उपस्थित थे। पूर्वी घोष ने कहा कि श्रीनाथ विवि में आयोजित फाईन आर्ट्स विभाग के छात्रो की कलात्मक प्रतिभा को देख हम अभिभूत हुए हैं। हमे खुशी है कि आज हम सब लोग यहां इस प्रदर्शनी को देखने के लिए उपस्थित हैं। कई कला प्रेमियों के द्वारा प्रदर्शनी की कई वस्तुओं की खरीदारी भी हुई। प्रतिकुलाधिपति गुरूदेव महतो ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय के लिए यह गौरवान्वित होने क्षण है। फाईन आर्ट्स विभाग के सहायक प्राध्यापक गणेश महतो ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी से छात्रों का मनोबल बढ़ता है और वह कुछ नया करने के लिए प्रोत्साहित भी होते हैं। प्रदर्शनी में निर्णायक के रूप में बहड़ागोड़ा कॉलेज से समरेंद्र रंजन तथा छत्तीसगढ़ से सुप्रिया कुमारी उपस्थित थी। बेस्ट पेंटिंग के लिए सूरज पात्रों, प्रियंका सामंथा तथा सौरव प्रमाणिक को चुना गया। बेस्ट स्कल्पचर के लिए सोमनाथ पाठक, सूरज पात्रो, सरिता महतो तथा सौरभ प्रमाणिक को रखा गया।

## जनसमस्याओं को लेकर सभी प्रखंडों में धरना प्रदर्शन करेगी आजसू



जमशेदपुर। रविवार को आजसू जुगसलाई नगरपालिका और पोटका प्रखंड कमिटी की संयुक्त बैठक जुगसलाई स्थित नीलकंठ होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता जुगसलाई नगर पालिका के प्रधान सचिव दिनेश जयसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन प्रसाद ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन पोटका प्रखंड अध्यक्ष बबलू गोप ने किया। बैठक में बतौर अतिथि पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने बताया कि झारखंड प्रदेश में लूट मची है सताधारी दल के मुखिया, विधायक, मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक भ्रष्टाचार में लिप्त है। बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने सभी कार्यकर्ताओं को हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आपके मेहनत और संघर्ष को व्यर्थ नहीं जाने देगी आजसू। जनता के बीच आप सभी आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतो को अवगत कराएंगे। बैठक में अतिथि के रूप में जिला प्रभारी सह केंद्रीय सचिव प्रो रवि शंकर मौर्या ने बताया कि जुगसलाई नगर परिषद में सबसे बड़ी समस्या स्थानीय लोगो को बिल्डिंग में टैक्स बढ़ोतरी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप सेसंजय मालाकार, ब्लू रानी सिंह, अप्पू तिवारी, संतोष सिंह, ललन झा, हेमंत पाठक, शैलेंद्र सिन्हा, दीपक पांडे,तसव्वर खान, प्रवीण प्रसाद, संजय करवा, ललित सिंह, स्वरूप मल्लिक, ओम प्रकाश बनर्जी, सरफराज खान, सोनू भाटिया, प्रतीक सराफ, विक्की सोनकर, समीर खान, निक्कू सिंह, अजय सिंह, बबलू गोप, रानी देवी, रजनी वरु रविकेश सिंह, रोशन सांडा आदि शामिल थे।

# जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग ने पूरे किए 20 वीकेंड, लगभग 1,000 छात्र ले रहे हैं भाग



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गत 26 फरवरी 2023 को दोबारा शुरू हुई गोल्डन बेबी लीग ने जमशेदपुर में 20 वीकेंड पूरे कर लिए। देश की सबसे लंबी बेबी लीग में पांच मौजूदा आयु श्रेणियों में 959 छात्र भाग ले रहे हैं।

देश में सबसे बड़े और सबसे बेहतरीन जमीनी स्तर के कार्यक्रम को स्थापित करने के लिए जमशेदपुर एफसी के प्रयास में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उम्मीद है कि इससे भी अधिक संख्या में छात्र बेबी लीग में शामिल होंगे। झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन (जेएफए) और झारखंड स्पोर्टिंग एसोसिएशन (जेएसए) के साथ मिलकर जमशेदपुर एफसी 10 महीने तक चलने वाले जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग 2023 के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है, जहां शहर भर के बच्चों को यू-5, यू-7, यू-9, यू-11 और यू-13 श्रेणियों में विभाजित किया गया है। 10 महीने तक चलने वाला यह टूर्नामेंट हर रविवार सुबह जेआरडी टाटा स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स के आर्चरी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा ताकि बच्चों के विकास को और बढ़ावा दिया जा सके और स्कूल के समय के बाद वीकेंड के दौरान क्लब द्वारा चलाए जा रहे मौजूदा जमीनी स्तर के स्कूलों को कार्यक्रम के साथ जोड़ा जा सके। इस रविवार को बेबी लीग के लिए कुल 686 छात्र आए, जिनमें यू-5 वर्ग में 113 छात्र, यू-7 वर्ग में 174 छात्र, यू-9 वर्ग में 159 छात्र, यू-11 वर्ग में 130 छात्र और यू-13 वर्ग में 110 छात्र शामिल हुए। यू-5 वर्ग और यू-7 वर्ग में 14 मैच खेले गए, जबकि यू-11 वर्ग की टीमों ने 6-6 मैच और यू-13 वर्ग ने 5 मैच खेले। यू-9 वर्ग की टीमों ने इस रविवार को 10 मैच खेले।

स्पीड न्यूज

## भारी बारिश के चलते 17 ट्रेनें रद्द, 12 के मार्ग बदले गये

**नयी दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश होने के चलते करीब 17 ट्रेन रद्द कर दी और अन्य 12 के मार्ग परिवर्तित किये गए हैं। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि जलभराव के कारण चार स्थानों पर यातायात स्थगित किया गया है। इनमें नोगांवां(अंबाला)-न्यू मोरिंडा; नांगल डैम-आनंदपुर साहिब और कीरतपुर साहिब-भरतगढ़ रेलमार्ग शामिल हैं। रद्द की गई ट्रेन में फिरोजपुर कैन्ट एक्सप्रेस, अमृतसर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, चंडीगढ़ इंटरसिटी एक्सप्रेस और चंडीगढ़ से अमृतसर जंक्शन एक्सप्रेस शामिल हैं। मार्ग परिवर्तित की गई ट्रेन में मुंबई सेंट्रल से अमृतसर एक्सप्रेस, अमृतसर एक्सप्रेस, दौलतपुर चौक एक्सप्रेस शामिल हैं।

## पाकिस्तान में भारी बारिश से नौ की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान भारी बारिश से पिछले 24 घंटों में और नौ लोगों की मौत हो गई। अब बाढ़ और भूस्खलन की जद में आकर मरने वालों का आंकड़ा 76 पहुंच गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने यह जानकारी रविवार को दी। प्राधिकरण ने कहा है कि इसके अलावा 133 लोग घायल हुए हैं। बदहाली से जूझ रहे मुल्क पर इस साल जून से बारिश कहर बरपा रही है। मूसलाधार बारिश से पूरे देश में 78 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। मृतकों में सबसे अधिक 48 लोग पंजाब प्रांत के हैं।

## नेपाल : प्रचंड के मोर्चा में शामिल नहीं होंगे भट्टराई

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाल समाजवादी पार्टी (एनएसपी) के अध्यक्ष डॉ. बाबूराम भट्टराई नवगठित समाजवादी मोर्चा में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि मोर्चा का मकसद सत्ता के इर्द-गिर्द घूमता है। भट्टराई ने रविवार को इस बारे में ट्वीट कर नाराजगी भी जताई है कि उन्हें नजरअंदाज कर मोर्चा का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और यूएमएल के साथ सौदेबाजी करके सत्ता में बने रहने के लिए प्रचंड की पहल पर इस मोर्चा का गठन किया गया।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति 21 को आयेंगे भारत

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 21 जुलाई से भारत की दो दिवसीय यात्रा करेंगे और इस दौरान उनके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने की संभावना है। यहां अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।आर्थिक संकट से जूझ रहे देश में जनता के विरोध प्रदर्शनों के बाद पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को पिछले साल पद से हटना पड़ा था और विक्रमसिंघे देश के नए राष्ट्रपति बने थे।

## भूमि घोटाला में नेपाल के संचार सचिव अरेस्ट

**काठमांडू।** नेपाल में भूमि घोटाला मामले में संचार मंत्रालय के सचिव कृष्ण बहादुर राउत को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने रविवार को त्रिभुवन हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया। सीआईबी ने राउत की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन पर भूमि घोटाले में संलिप्तता का आरोप है। यह भूमि घोटाला ललिता निवास मामले के नाम से जाना जाता है। इस मामले में नेपाल के पूर्व मंत्रियों, पूर्व सचिवों के अलावा दो सौ से अधिक पूर्व एवं वर्तमान कर्मचारियों और व्यवसायियों को गिरफ्तार करने के लिए सीआईबी नें वारंट जारी किया है।

## लद्दाख में बेमौसम बर्फबारी और बारिश

**लेह।** लद्दाख में बेमौसम बर्फबारी और मूसलाधार बारिश के मद्देनजर मौसम विभाग ने क्षेत्र में रेड अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लेह-करगिल-श्रीनगर एनएच लामायुरु में भूस्खलन होने के कारण सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सड़क पर यातायात रोका गया।

# अयोध्या : वाल्मीकि रामायण के 98 श्लोकों से सजेगा राम चबूतरा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर में वाल्मीकि रामायण को चित्रों के माध्यम से सहेजा जा रहा है। वाल्मीकि रामायण के छह काण्ड (बाल से लेकर लंका कांड) के प्रमुख 98 श्लोकों को भित्तिचित्रों के माध्यम से निचले राम चबूतरे पर उकेरा जा रहा है। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा जनवरी में करने के लिए अगले 120 दिन में इसके प्रथम चरण के तहत महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने पर तेजी से काम जारी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक सदस्य ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल का निर्माण कार्य जोरशोर से जारी है। प्रथम चरण के महत्वपूर्ण कार्यों को नवंबर तक पूरा करने का काम जारी है और कोशिश होगी कि यह दीपावली तक हो जाए, तो बेहतर रहेगा। उन्होंने बताया कि राम मंदिर में स्तंभों, पीठिका तथा अन्य स्थानों पर आध्यात्मिक पौराणिक ग्रंथों में वर्णित कथाओं के आधार पर मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों में गर्भगृह, पांच मंडप, भूतल, निचला चबूतरा एवं पूर्वी प्रवेश द्वार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि निचले चबूतरे पर रामकथा उकेरी जा रही है, जिसमें वाल्मीकि रामायण के 98 प्रमुख श्लोकों के आधार पर 98 भित्तिचित्र शामिल हैं।

### बाल से लेकर लंका कांड का होगा वर्णन



▸▸ **रामलला की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा के लिए 21, 22, 24 व 25 जनवरी को शुभ मुहूर्त**

**वाल्मीकि रामायण में हैं 24,000 श्लोक :** पिछले महीने मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा ने कहा था कि मंदिर ट्रस्ट को रामलला की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश के शीर्ष ज्योतिषियों ने 21, 22, 24 और 25 जनवरी को शुभ मुहूर्त बताया है। वहीं, न्यास के एक अन्य सदस्य परमानंद गिरि जी महाराज ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर किसी भी अनुकूल तारीख के बारे में प्रधानमंत्री से आग्रह किया जायेगा। सूत्रों ने बताया कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और कोषाध्यक्ष गोविंद गिरि जी महाराज की सदस्यता वाली एक समिति का गठन किया गया है, जिसे इस बात पर विचार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है कि रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा में किन्हें आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें निश्चित तौर पर साधु संतों को महत्व दिया जाएगा।

**मंदिर में होंगे 400 खंभे :** राम मंदिर में करीब 400 खम्भे होंगे, जिसमें भूतल में करीब 160 खम्भे और प्रथम तल पर 132 खम्भे और दूसरे तल पर 72 खम्भे होंगे। इसमें 46 दरवाजे होंगे, जो सागवान की लकड़ी के बने होंगे। सूत्रों ने बताया कि खम्भे का निर्माण काफी महीन एवं जटिल काम है, क्योंकि प्रत्येक खम्भे पर 14-16 मूर्तियां बनाई जा रही हैं। समझा जाता है कि कुल 3600 मूर्तियों का निर्माण किया जायेगा, जो मंदिर को भव्यता प्रदान करेंगे।

### विदेशों में भी होगा लाइव टेलीकास्ट

सूत्रों ने बताया कि देश के गांव में लोग प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को कैसे देख सकें, विदेशों में इसे कैसे दिखाया जाए, इस पर भी काम जारी है। उन्होंने बताया कि विदेश में कार्यक्रम को पहुंचाने के लिए दूतावासों से सम्पर्क किया जायेगा। 2024 की जनवरी में मकर संक्राति के बाद से करीब एक सप्ताह तक भजन कीर्तन आदि का आयोजन किया जायेगा, जिसमें देश के गांव, कस्बों आदि से पांच लाख मंदिर एवं मठों को जोड़ने की योजना है।

# यूक्रेन को क्लस्टर बम देगा अमेरिका, रूस ने की निंदा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलीवन ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन यूक्रेन को क्लस्टर बम मुहैया कराएगा। सुलीवन ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन को अकेला नहीं छोड़ेगा और यूक्रेन ने भी वादा किया है कि वह क्लस्टर बम का इस्तेमाल साधवानीपूर्वक करेगा। सुलीवन का बयान लिथुआनिया में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले आया है।

ऐसा माना जा रहा है कि सहयोगी देश राष्ट्रपति बाइडन से प्रश्न कर सकते हैं कि अमेरिका यूक्रेन को ऐसे हथियार क्यों देगा, जो तीन-चौथाई सहयोगी सदस्य देशों में इसलिए प्रतिबंधित किए जा चुके हैं, क्योंकि इनके इस्तेमाल से बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए हैं। अमेरिका की इस योजना को उसकी संसद में ही मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली है। डेमोक्रेटिक पार्टी के कुछ सदस्यों ने योजना की आलोचना की है। वहीं, कुछ रिपब्लिकन सदस्यों ने इसका समर्थन किया है। सुलीवन ने राष्ट्रपति के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि अमेरिका ऐसे क्लस्टर बम देगा, जिसमें से निकलने वाले कुछ ही बम फटते हैं यानी उसके इस्तेमाल से जनहानि कम होगी। उन्होंने कहा कि हम क्लस्टर बम के खतरों को जानते हैं। इसीलिए हमने इस फैसले को तब तक टाले रखा, जब तक हम ऐसा कर सकते थे।

रूस ने यूक्रेन को क्लस्टर हथियारों की आपूर्ति करने के अमेरिकी फैसले की निंदा करते हुए कहा है कि इससे नरसंहार और विश्व शांति के लिए खतरा पैदा होगा। रूस की समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने शुक्रवार को दी खबर में अंतरराष्ट्रीय मामलों पर ड्यूमा स्टेट समिति के अध्यक्ष लियोनिद स्लटस्की के हवाले से बताया है कि अमेरिका का फैसला नरसंहार बढ़ाने वाला है और उसे अपने यूरोपीय सहयोगियों के साथ मिलकर भविष्य में न्यायोचित होने का सामना करना पड़ेगा। स्लटस्की ने कहा कि रूस इसका माकूल जवाब देगा और हमारी सैन्य इकाइयों को दुश्मन द्वारा क्लस्टर हथियारों के संभावित उपयोग के बारे में सूचित किया गया है।

### नरसंहार और विश्व शांति के लिए खतरा पैदा होगा : स्लटस्की



### इस्लामिक स्टेट का प्रमुख आतंकी ढेर

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने इस्लामिक स्टेट के एक प्रमुख नेता उसामाह अल-मुहाजिर को मौत के घाट उतार दिया। अमेरिकी सेना ने रविवार को इस बारे में घोषणा की। टारगेटेड स्ट्राइक में पूर्वी सीरिया में स्थित इस्लामिक स्टेट के प्रमुख नेता को मार गिराया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के एक बयान के अनुसार, हमला शुक्रवार को एमक्यू-9 ड्रोन का उपयोग करके किया गया था। करीब दो घंटे तक चलने वाली घटना के दौरान इस ड्रोन को रूसी विमान के हस्तक्षेप का सामना करना पड़ा था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि कि शुक्रवार को दिन में करीब दो घंटे तक चली मुठभेड़ में रूसी विमानों ने एमक्यू-9 एस ड्रोन को परेशान किया था। बाद में इसी ड्रोन ने हमले को अंजाम दिया। अमेरिकी वायु सेना ने बुधवार को ड्रोन और रूसी लड़ाकू विमानों के बीच मुठभेड़ को कथित तौर पर कैद करने वाले वीडियो फुटेज जारी किए।

## दिग्विजय सिंह के खिलाफ प्राथमिकी

**नयी दिल्ली।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजेश जोशी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोवलकर गुरुजी को लेकर सोशल मीडिया पर एक फर्जी बयान साझा किये जाने को लेकर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंदौर के सुदामा नगर निवासी श्री जोशी ने शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे तुकोगंज थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए, 469, 500 और 505 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी।श्री जोशी ने पुलिस रिपोर्ट में कहा है कि विश्व के सबसे बड़े निस्वार्थ समाजसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विरुद्ध विद्वेषपूर्ण तरीके से दलितों, पिछड़ों, मुसलमानों और हिन्दुओं में शत्रुता, घृणा एवं वैमनस्यता पैदा कर आपस में उकसाने एवं वर्ग संघर्ष के उद्देश्य से जानबूझकर किए गए पोस्ट से उनकी, आरएसएस के स्वयंसेवकों और हिन्दू समाज की धार्मिक आस्था आहत हुई है।

शनिवार को अपराह्न करीब चार बजे मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने ट्विटर पर एक कथित अखबारी कतरन को साझा करते हुए लिखा कि गुरु गोलवलकर जी के दलितों पिछड़ों और मुसलमानों के लिए व राष्ट्रीय जल जंगल व जमीन पर अधिकार पर क्या विचार थे अवश्य जानिए। अखबारी कतरन में गुरु गोलवलकर को उद्धृत करते हुए छापा गया है।

# गंगा में गिरा वाहन, तीन की मौत और तीन लापता

एजेंसी

**ऋषिकेश।** थाना क्षेत्र मुनि की रेती के अंतर्गत ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को तड़के हुई दुर्घटना में 5 यात्रियों को बाहर निकाल लिया गया था जबकि 3 की मौत हो गई है। लापता शेष तीन यात्रियों को अभी तलाशने का अभियान चलाया जा रहा है।

इस वाहन में कुल 11 यात्री सवार थे। सोनप्रयाग से ऋषिकेश आ रही एक मैक्स मालाकुंठी के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर कर गंगा में समा गई थी। रविवार को तड़के यह दुर्घटना तब हुई, जब पहाड़ी से एक बड़ा पत्थर नीचे गिरा और मैक्स वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया। इसके बाद वाहन खाई में गिरकर गंगा नदी में समा गया। सभी यात्री केदारनाथ से यात्रा कर लौट रहे थे और वह अलग-अलग प्रांत के रहने वाले हैं। एसडीआरएफ और थाना मुनि की रेती पुलिस टीम लापता यात्रियों के लिए सर्चिंग अभियान चला रही हैं। तड़के तीन बजे चौकी ब्यासी,थाना मुनि की रेती को सूचना मिली कि उत्तराखंड नंबर की एक मैक्स जो सोनप्रयाग से ऋषिकेश आ रही थी, वह मालाकुंठी पुल से होटल आनंद काशी के बीच मुख्य मार्ग पर गहरी खाई में गिरने के बाद गंगा में समा गई है। इस वाहन में चालक सहित कुल 11 व्यक्ति सवार थे। इस पर थाना प्रभारी निरीक्षक मुनि की रेती रितेश शाह के साथ पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मदद के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया।इसके बाद गहरी खाई से रेस्क्यू कर पांच यात्रियों को निकाला गया। ये सभी घायल थे। इन यात्रियों में बिजेंदर (46) पुत्र जगदीश पांडे निवासी बदरपुर दिल्ली,आकाश (22) पुत्र तेज सिंह, प्रदीप कुमार (27) पुत्र महेंद्र सिंह निवासी शाहपुर पंजाब, रोशन कुमार (25) पुत्र सुबोध निवासी नालंदा बिहार, कल्याणी (25) पत्नी जरजना रवि राय, पुत्र कुमुमा निवासी 1-24 एस, सी, स्ट्रीट सड़क, सीका कुलम ,बोदम हैदराबाद शामिल हैं। इन घायलों को राजकीय चिकित्सालय भेजा गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक शाह ने बताया कि बचाए गए यात्रियों से पूछताछ के बाद लापता लोग के बारे में जानकारी मिली कि वाहन में सवार सभी लोग अलग-अलग राज्य से संबंधित हैं। रेस्क्यू किए गए यात्रियों ने बताया शनिवार की रात आठ बजे सभी लोग सोनप्रयाग से एक मैक्स गाड़ी में सवार हुए थे। सुबह मालाकुंठी पुल से आगे गूलर की तरफ पहाड़ से बारिश के कारण अचानक पत्थर गिरने से उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सीधे नदी में जा गिरी।

### ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा पांच यात्रियों को बचाया

# सभी राज्य सरकारों को सौंपी जायेंगी चाइल्ड लाइन : ईरानी

**भोपाल।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि चाइल्ड लाइन अब देशभर में प्रदेश की सरकारों के सुपुर्द किया जाएगा। अगर बच्चा मुसीबत में है और मदद की गुहार लगा रहा है, तो उसका फोन एनजीओ के पास जाता है। ऐसी परिस्थिति में यह गहमागहमी होती है कि एफआईआर कहां हो।

नई व्यवस्था से बच्चे या बच्ची का फोन कॉल सीधा स्थानीय प्रशासन के पास पहुंचेगा। उसे जल्द मदद मिलेगी।

केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी रविवार को भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित 'वत्सल भारत कार्यक्रम' को संबोधित कर रही थीं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल संरक्षण, बाल सुरक्षा और बाल कल्याण पर केंद्रित सात क्षेत्रीय संगोष्ठियों का आयोजन देश में अलग-अलग जगह किया जा रहा है। ईरानी ने कहा कि पहले बच्चों को गोद लेने का कानून पेचीदा था। बच्चा गोद लेना हो तो अभिभावक को कोर्ट में पेश होने के लिए मजबूर किया जाता था। वहां से ऑर्डर लेना होता था।



# छह कंपनियों का मार्केट कैप 1.19 लाख करोड़ बढ़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,19,763.25 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 561.89 अंक या 0.86 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सात जुलाई को सेंसेक्स ने 65,898.98 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 57,338.56 करोड़ रुपये बढ़कर 17,83,043.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 21,291.04 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,82,602.46 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 18,697.06 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,29,898.83 करोड़ रुपये और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसज (टीसीएस) की 9,220.81 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 12,16,890.72 करोड़ रुपये रही। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 8,998.26 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 6,62,702.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने सप्ताह के दौरान 4,217.52 करोड़ रुपये जोड़े और उसकी बाजार हैसियत बढ़कर 6,33,532.04 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 22,926.37 करोड़ रुपये घटकर 9,28,657.99 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी के मूल्यांकन में 9,782.7 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,12,585.94 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 5,219.66 करोड़ रुपये घटकर 4,84,844.10 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 1,638.41 करोड़ के नुकसान से 5,52,452.86 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी , आईसीआईसीआई , हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, इन्फोसिस, एसबीआई, एचडीएफसी और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

### सबसे अधिक लाभ में रिलायंस और आइटीसी

Reliance Industries Limited | ITC Limited

## टोरंटो में खालिस्तान समर्थकों ने किया तिरंगे का अपमान

**टोरंटो।** कनाडा के प्रांत ओंटारियो की राजधानी टोरंटो में खालिस्तान समर्थकों ने आठ जुलाई को भारत के खिलाफ जमकर गुस्सा निकाला। इन लोगों भारतीय वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन के वायरल वीडियो में खालिस्तान समर्थक भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को चप्पलों से रौंद रहे हैं। इन लोगों का भारतीय समुदाय ने कड़ा मुकाबला किया। वह राष्ट्रीय ध्वज को लहराते हुए वहां पहुंच गए। खालिस्तान समर्थकों ने फ्रीडम रैली के दौरान यह घिनौनी हरकत की। इस फ्रीडम रैली की घोषणा कुछ दिन पहले की गई थी। इस पर कनाडाई विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा था कि यह अस्वीकार्य है।

# तमन्ना भाटिया ने जेलर के गाने पर लगाये ठुमके

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी आने वाली फिल्म जेलर का गाना कावालापर डांस किया है। हाल ही में फिल्म जेलर का ट्रेलर रिलीज हुआ है। फिल्म जेलर के ट्रेलर में तमन्ना भाटिया, रजनीकांत के साथ कावाला गाने पर डांस करती दिख रही हैं। इस गाने को शिल्पा राव और अनिरुद्ध रविचंदर ने गाया है। अनुराज कामराज ने गाने के लिरिक्स लिखे हैं। तमन्ना भाटिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस गाने पर अपनी डांस वीडियो शेयर की है। वीडियो में तमन्ना के साथ बैकग्राउंड में दो और डांसर्स भी नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए तमन्ना ने लिखा,यदि आप पर अब तक इस गाने का नशा नहीं चढ़ा है तो हुकस्टेप ये रहा।सोशल मीडिया पर तमन्ना की डांस वीडियो पर फैंस उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं। फिल्म जेलर के निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार हैं। फिल्म जेलर में रजनीकांत, शिव राजकुमार, रम्या कृष्णन, योगी बाबु, वसंत रवि और विनायकन नजर आएंगे। दक्षिण भारतीय स्टार मोहनलाल इस फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस के तौर पर दिखेंगे। जैकी श्रॉफ भी इस फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म जेलर इस साल 10 अगस्त को रिलीज होगी।



## 'बवाल' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म बवाल का ट्रेलर दुबई में रिलीज हो गया है। नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म बवाल के ट्रेलर की शुरूआत बुलेट पर आते अज्जू भैया (वरुण धवन) से होती है। अज्जू स्कूल में हिस्ट्री टीचर है। आगे कहानी अज्जू और निशा (जान्हवी कपूर) की दोस्ती और फिर प्रेम कहानी की ओर बढ़ती है। कहानी में मोड़ तब आता है जब अज्जू और निशा शादी कर लेते हैं और यूरोप पहुंचते हैं। इस कहानी में दर्शकों को प्यार, नोकझोंक और हर इंसान के अंदर की वॉर देखने को मिलेगी।

वरुण धवन ने कहा कि सच कहूं तो बवाल'का सफर मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा है और यह मेरे करियर में एक बड़ी उपलब्धि है, साथ ही यह मेरे लिए सबसे रोमांचक और बेहद फायदेमंद भी रही है। मुझे अब उस लम्हे का बेसब्री से इंतजार है, जब दुनिया भर के दर्शक अज्जू और निशा की बिल्कुल अलग, लेकिन बेहद खूबसूरत रोमांटिक कहानी को देखेंगे।

## 'ओह माय गॉड 2' का वीडियो रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म ओह माय गॉड 2 का पहला वीडियो रिलीज हो गया है।अक्षय कुमार इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म ओह माय गॉड के सीक्वल ओह माय गॉड 2 में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय के साथ पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी मुख्य किरदार में हैं। वीडियो में अक्षय कुमार माथे पर भस्म, गले में रुद्राक्ष माला पहने भोले बाबा के लुक में नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर ओह माय गॉड 2 का वीडियो शेयर किया है।इस वीडियो में अक्षय कुमार भीड़ में चलते नजर आ रहे हैं और लोग हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे हैं। वीडियो में कुमार सिर पर जटाएं, माथे पर भस्म, गले पर नील और रुद्राक्ष माला पहने बाबा भोलेनाथ की तरह तैयार हुए नजर आ रहे हैं।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !